


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 170

ग्वालियर, बुधवार, 09 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## त्रिपुरा की भाजपा सरकार ने 33 फीसदी सरकारी नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित की : अमित शाह

**अगरतला।** पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में बिप्लब देब की भाजपा सरकार के सफल 4 साल पूरे होने पर अमित शाह अगरतला पहुंचे थे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने बिप्लब देब सरकार की तारीफ की। अमित शाह ने कहा कि हमारे देश की आजादी को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। साथ ही खूबसूरत त्रिपुरा को भी बने हुए 50 साल पूरे हो गए हैं। 25 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा में राज किया था। 2015 में जब मैं यहां आया था, हर कोई यहां त्राहिमाम कर रहा था। उन्होंने कहा कि 25 साल तक कम्युनिस्टों ने यहां गरीबों के नाम पर राज किया। लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा और अन्य दलों के 39 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की हत्या की गई।

अमित शाह ने कहा कि उस समय भाजपा ने तय किया था कि हम त्रिपुरा में एक आंदोलन खड़ा करेंगे। मुझे आज भी याद है जब पहली बार मैंने इंटीरियर त्रिपुरा में पहली बार चलो पलटाई का नारा दिया तो, लोगों में जो उत्साह दिखा उससे ही हमें पता चल गया था कि यहां परिवर्तन होने वाला है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के 4 साल बनने के बाद मैं देख रहा हूं कि जो त्रिपुरा पहले ड्रग्स और नशे के कारोबार से त्रस्त था, वो त्रिपुरा आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। त्रिपुरा के हर गरीब के घर में बिजली पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। शाह ने कहा कि त्रिपुरा में 33 फीसदी सरकारी नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में भाजपा-आईपीएफटी सरकार ने राजनीतिक हिंसा पर पूर्ण विराम लगा दिया। अमित शाह ने कहा कि अगरतला को रेल के जरिए देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा गया, त्रिपुरा में 542 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में भाजपा-आईपीएफटी शासन में किसानों की आय दोगुनी हुई। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हम पिछले चुनावी घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे, त्रिपुरा में वोट मांगने के लिए लौटेंगे। हमारी सरकार ने त्रिपुरा में रोड और रेलवे से जुड़ी दर्जनों योजनाओं को पूरा किया है। त्रिपुरा की सरकारी नौकरियों में अब 33 प्रतिशत आरक्षण माताओं-बहनों को मिलने वाला है। त्रिपुरा के युवाओं के लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के परिसर की आधारशिला हम यहां रखने वाले हैं।

## महिलाएं समाज को बदलने में सक्षम : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए मंगलवार को कहा कि महिलाओं को लंबे समय से लंबित उनका उचित अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने



यह भी कहा कि महिलाएं समाज को बदलने में सक्षम हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'महिलाएं अपने विवेक, समर्पण और शक्ति से समाज को बदलने में सक्षम हैं। उन्हें लंबे समय से लंबित उनका उचित अधिकार मिलना चाहिए। सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं।' कांग्रेस की महिला इकाई की कार्यवाहक अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने महिला दिवस के मौके पर कहा, 'इस बार उत्तर प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रियंका गांधी के नेतृत्व में बहनों को 40 प्रतिशत टिकट दिए गए। प्रियंका गांधी ने लड़की हूं, लड़ सकती हूं नारे को अपनी पार्टी में साकार किया है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का सपा पर कटाक्ष, बोले-10 मार्च को अखिलेश कहेंगे ईवीएम बेवफा है!

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में मतदान के बाद एग्जिट पोल के अनुमानों को लेकर घमासान छिड़ा है। हालांकि 10 मार्च को चुनाव परिणाम आने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश की सभी



403 सीटों को लेकर लगभग एक दर्जन एग्जिट पोल सामने आए हैं। इनमें से ज्यादातर सूबे में बीजेपी की सरकार बनाते दिख रहे हैं। वहीं सपा को बहुमत से दूर दिखाया जा रहा है। बसपा की स्थिति भी डांवाडोल दिख रही है। लेकिन बीजेपी को छोड़ कोई भी दल एग्जिट पोल के अनुमान को स्वीकार नहीं रही है। एक तरफ जहां प्रियंका गांधी ने इंतजार करने की बात कही है वहीं अखिलेश 300 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अखिलेश यादव को लेकर तंज कसा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नई हवा, नई सपा की बात करते थे लेकिन हमने एक के बाद दूसरे उदाहरण से दिखाया कि वही हवा है, वही सपा है। मैं अब भी कह रहा हूं कि वही हवा है वही सपा है, 10 तारीख को अखिलेश कहेंगे ईवीएम बहुत बेवफा है। एग्जिट पोल पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इंतजार करेंगे।

# यूक्रेन का आरोप, रूस ने मारियुपोल में तीन लाख नागरिकों को बनाया बंधक

### अब तक 20 लाख लोगों ने युद्धग्रस्त देश से किया पलायन

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग का मंगलवार को 13वां दिन है। एक तरफ दोनों देशों के बीच वार्ता चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर हमले और तेज कर दिए हैं। इस बीच, यूक्रेन के पूर्वी शहर सूमी में नागरिकों को रूसी हमले से बचने के लिए सुरक्षित गलियारा मंगलवार को खुल सकता है। यूक्रेन की उप प्रधान मंत्री इरीना वीरेशचुक ने कहा कि दोनों पक्ष यूक्रेन के पूर्वी शहर सूमी से नागरिकों को निकालने के लिए सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संघर्ष विराम पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि सूमी से निकाले जाने वालों में भारत और चीन के विदेशी छात्र भी शामिल हैं। खाली किए गए नागरिकों के



साथ बसों या निजी कारों में पहला काफिला सुबह 10 बजे रवाना होना है, जो यूक्रेन के पोल्टावा शहर की ओर एक ही मार्ग पर है। उन्होंने कहा कि रूस के रक्षा मंत्रालय ने इंटरनेशनल रेड क्रास को लिखे एक पत्र में इस पर सहमति जताई है। साथ ही कहा कि कारिडोर का इस्तेमाल सूमी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए भी किया जाएगा।

### निकासी को लेकर भारतीय दूतवावास ने जारी की नई एडवाइजरी

भारतीय छात्रों कि निकासी को लेकर कीव स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि 8 मार्च को सुबह 10 बजे से यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में फंसे लोगों को निकालने के लिए मानवीय गलियारे की घोषणा की गई है। सभी फंसे हुए भारतीयों से इस अवसर का उपयोग करने और ट्रेनों/वाहनों या परिवहन के अन्य उपलब्ध साधनों का उपयोग करके निकालने का आग्रह किया जाता है।

### रूस ने मारियुपोल में तीन लाख नागरिकों को बनाया बंधक

यूक्रेन के विदेश मामलों के मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने ट्वीट किया कि रूस ने मारियुपोल में 300,000 नागरिकों को बंधक बनाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आईसीआरसी मध्यस्थता के साथ समझौतों के बावजूद मानवीय निकासी को रोकता है। कल रूसी हमले से एक बच्चे की मौत हो गई है।

## रूसी सेना ने यूक्रेन में तबाह किए 2500 से अधिक मिलिट्री ठिकाने, न्यूक्लियर प्लांट पर कब्जा अगला टारगेट

**मॉस्को।** रूसी सेना यूक्रेन में अब तक करीब 2500 मिलिट्री ठिकाने को तबाह कर चुकी है। रूसी एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय का हवाला देते बताया है कि रूस ने अपने सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से यूक्रेन के 2,482 मिलिट्री ठिकानों को तबाह कर दिया है। बड़ी संख्या में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के बाद अब रूसी सेना का अगला टारगेट यूक्रेन के न्यूक्लियर प्लांट हैं। समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव के हवाले से कहा %कुल मिलाकर, यूक्रेन के 2,482 सैन्य ठिकानों को ऑपरेशन के ध्वस्त कर दिया गया, जिसमें 87 कमांड पोस्ट और यूक्रेनी सेना के कम्यूनिकेशन सेंटर, 124 एस -300, बुक एम -1 और ओसा वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम, 79 रडार स्टेशन शामिल हैं। कोनाशेनकोव के अनुसार नष्ट किए गए हथियारों में रूसी सेना ने यूक्रेन के 866 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां, 91 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर, 317 फील्ड आर्टिलरी पीस और मोर्टार, 634 यूनिट



विशेष सैन्य वाहन, 81 मानव रहित हवाई वाहन शामिल हैं। रूसी दावों के अनुसार, रूसी एयरोस्पेस फोर्सेस ने पिछले दिनों यूक्रेन में 158 सैन्य सुविधाओं को नष्ट कर दिया। इसके साथ-साथ दो मिग-29 और एक एसयू-27 जेट, दो एस-300 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, तीन बुक एम-1 स्व-चालित फायरिंग सिस्टम, चार कमांड पोस्ट, दो रडार स्टेशन को ध्वस्त कर दिया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि रूस अब सीधे तौर पर यूक्रेन की परमाणु सुविधाओं को टारगेट कर रहा है ताकि यूक्रेनी प्रतिरोध को कमजोर किया जा सके, लेकिन इस रणनीति में गंभीर जोखिम है। रूसी सेना पहले ही यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु सयंत्र पर मिसाइल दागे थे। हालांकि, यह सयंत्र पहले से बंद चल रहा है। इसके अलावा जापोरीज्ज्या में चालू परमाणु रिएक्टरों पर कब्जा कर लिया था। अब उनका अगला टारगे कोन्स्टेंटिनोव्का सयंत्र हो सकता है।

## राज्य सभा के जरिए संसद में दाखिल होंगी प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल की अटकलों के बीच कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को राज्य सभा के जरिए संसद भेजने पर विचार किया जा रहा है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में उनके व्यापक अभियान के बाद संसद में भेजा जाना चाहिए, ताकि सदन और बाहर मोदी सरकार का मुकाबला किया जा सके। इसके पहले पार्टी, उन्हें उस समय राज्य सभा भेजने पर विचार कर रही थी, जब अहमद पटेल जीवित थे और छत्तीसगढ़ में 2 सीट थीं, लेकिन यह तय किया गया कि भाजपा द्वारा भाई-भतीजावाद के आरोपों को देखते हुए यह सही समय नहीं है। प्रियंका ने राज्य में व्यस्त अभियान का प्रबंधन करने के बाद, वह पार्टी के मुख्य प्रचारक के रूप में उभरी हैं। हालांकि, अगर एक्जिट पोल पर जाएं, तो उत्तर प्रदेश में परिणाम उनके लिए उत्साहजनक नहीं हैं। पार्टी में उनके समर्थकों का मानना है कि उन्हें सदन में भेजने का यह सही समय है, क्योंकि आम चुनाव अब से 2 साल बाद हैं और वह सरकार का मुकाबला कर सकती हैं। केरल, पंजाब और अन्य राज्यों के लिए राज्य सभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है। अगर पार्टी पंजाब में अच्छा प्रदर्शन करती है, तो वह उन्हें राज्य से भेज सकती है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी रिक्तियां होने जा रही हैं, उन्हें इन दोनों राज्यों में से किसी एक से राज्य सभा भेजा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि भूपेश बघेल प्रियंका को सीट देने पर विचार कर रहे हैं। पिछली बार जब प्रस्ताव पेश किया गया था, तो कुछ मुद्दों के कारण इसे ठुकरा दिया गया था, क्योंकि कुछ लोगों ने सोचा था कि पार्टी में 2 सत्ता केंद्र होंगे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने 167 रैलियों को संबोधित किया, 42 रोड शो किए और वर्चुअल रैलियां भी की हैं।

### हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि कितने सच हैं एग्जिट पोल : प्रियंका

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 8 फरवरी को उत्तर प्रदेश पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव तिथियों की घोषणा की थी। निर्वाचन प्रक्रिया पर यूपी में 7 मार्च को 2022 को सातवें चरण की वोटिंग के साथ ही विराम लग गया है। पांच राज्यों में हुए चुनाव के नतीजे 10 मार्च को आएंगे। उससे पहले एक्जिट पोल में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी कर दी गई है। इस पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा हम जितना हो सका लड़े। अब हम इंतजार करेंगे और चुनाव परिणाम देखेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा आज हम महिला दिवस मना रहे हैं।

## देश की निर्भरता दूसरे देशों पर कम हो इस लेकर काम कर रही सरकार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वित्तपोषण और आकांक्षात्मक अर्थव्यवस्था विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबीनार को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूं। गौरव की बात है, कि भारत की वित्त मंत्री भी एक महिला हैं, जिन्होंने इस बार देश को बहुत प्रगतिशील बजट दिया। उन्होंने कहा कि आज देश आत्मनिर्भर भारत अभियान चला रहा है। हमारे देश की निर्भरता दूसरे देशों पर कम से कम हो, इससे जुड़े प्रोजेक्ट की फाइनेंसिंग के कैसे विभिन्न मॉडल बनाए जा सकते हैं, इस बारे में मंथन आवश्यक है। बजट में सरकार ने तेज ग्रोथ के मोमेंटम को जारी रखने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करके, बुनियादी ढांचे में निवेश पर टैक्स कम करके, एनआईआईएफ, गिफट सिटी, नए डीएफआई



जैसे संस्थान बनाकर हमने वित्त और इकोनमी ग्रोथ को तेज गति देने का प्रयास किया है। मोदी ने कहा कि फाइनेंस में डिजिटल तकनीक के व्यापक प्रयोग को लेकर देश की प्रतिबद्धता अब नेक्स्ट लेवल पर पहुंच रही है। 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स हों, या फिर सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी, ये हमारे विजन को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे नॉर्थईस्ट का विकास हमारे लिए प्राथमिकता का विषय है। इन क्षेत्रों में आपकी सहभागिता बढ़ाने की दिशा में भी विचार करना जरूरी है। अभी हमारी सरकार ने ड्रोन सेक्टर, स्पेस सेक्टर और जिओ स्पेशल सेक्टर को ओपन किया है।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और भूपेंद्र यादव ने आयुष किट के वितरण कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। देश में इस मौके पर जगह-जगह महिला सम्मान का कार्यक्रम चल रहा है। वहीं इस बीच, आजादी का अमृत महोत्सव और महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक साथ, एक मंच पर नजर आए। उन्होंने महिला ईंट भट्ठा श्रमिकों एवं बीड़ी कामगारों के स्वास्थ्य व पोषण की जांच एक साथ हेल्थ सप्लीमेंट तथा आयुष किट के वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला दिवस पर कहा, %अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां मौजूद सभी महिलाओं की तरफ से सभी पुरुषों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं, मोदी सरकार का संस्कार है कि जो महिला अपनों के लिए जीतीं है अपने लिए नहीं, उनके सहयोग में ये सरकार रहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय





महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर ट्वीट कर कहा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत शुरु किए गए, परिवार के सदस्यों को संवेदनशील बनाने के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाए जाएंगे।

## खास खबर

### गलती से खुल गया दूसरे का लॉकर, 70 लाख के गहने नहीं देख महिला ने मचाया बवाल

**गाजियाबाद।** ग़ाज़ियाबाद के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के लॉकर में रखे 70 लाख के जेवर सुरक्षित मिले हैं। जी हां, पीएनबी की नेहरू नगर शाखा में 70 लाख रुपए के जेवर चोरी होने के मामले में बेहद नाटकीय पहलू सामने आया है। दरअसल, लॉकर धारक महिला ने दूसरी सीरीज के लॉकर को अपना लॉकर समझ कर खोलने की कोशिश की। इसमें उसकी चाबी नहीं लग पा रही थी, जिसके बाद पुलिस ने लॉकर तोड़ा तो उस लॉकर में जेवरात मौजूद नहीं थे। इस मामले की जब जांच शुरू की गई तो पुलिस ने महिला के असली लॉकर को खुलवाया, जिससे पता चला कि उसमें महिला के 70 लाख रुपए के जेवर रखे हुए हैं। महिला ने अपना लॉकर समझकर किसी दूसरे का लॉकर तोड़वा दिया था। गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में बैंक अधिकारियों की भी लापरवाही सामने आई है, इसके चलते किसी अन्य व्यक्ति का लॉकर तोड़ दिया गया। बैंक अधिकारियों को ग्राहकों के नंबर के हिसाब से लॉकर आवंटित किए जाते हैं, इस मामले में वैसा नहीं किया गया था। 3 मार्च को गाजियाबाद की अशोक नगर इलाके निवासी प्रियंका गुप्ता नाम की एक महिला, जिनका खाता पिछले 20 वर्षों से सिहानी गेट थाने के अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर इलाके में पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में खुला हुआ था। पिछले 20 वर्षों से प्रियंका का विश्वास पंजाब नेशनल बैंक के साथ जुड़ा हुआ था। प्रियंका गुप्ता ने इसी बैंक के लॉकर में अपने कीमती ज्वेलरी को रखा था, जिसकी कीमत लगभग 70 लाख की बताई जा रही है।

### एग्जिट पोल के नतीजे बताते हैं फिर बन सकता हूं सीएम : प्रमोद सावंत

**नई दिल्ली।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार को राज्य चुनाव परिणामों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। 40 सदस्यीय विधानसभा सीटों वाले गोवा में 14 फरवरी को एक ही चरण में मतदान हुआ था। लेकिन सोमवार को आए अधिकतर एग्जिट पोल्स में गोवा में त्रिशंकु जनादेश की भविष्यवाणी की गई है। इस लिहाज से प्रमोद सावंत का एग्जिट पोल के एक दिन बाद पीएम मोदी के मुलाकात करना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि प्रोमद सावंत ने गोवा में सत्ता बनाए रखने की पार्टी की संभावनाओं के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी। हालांकि पीएम मोदी से मिलने के बाद खुद प्रमोद सावंत ने कहा है कि उन्होंने पीएम मोदी से चुनावों को लेकर चर्चा की। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रमोद सावंत के हवाले से लिखा, मैंने आज पीएम मोदी से मुलाकात कर चुनावी चर्चा की। हम अधिकतम सीटों के साथ सरकार बनाएंगे मुझे लगता है कि एक बार फिर से मुझे मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा करने का मौका दिया जाएगा। गोवा के मौजूदा सीएम प्रमोद सांवत ने कहा नतीजों में 20 से ज्यादा सीटें भाजपा को मिलेंगी। सभी एग्जिट पोल भाजपा को ही बहुमत दिखा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भाजपा को बहुमत देंगे और फिर से एक बार भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलीय लोगों के साथ सरकार बनाएगी। उनसे बातचीत केंद्रीय नेतृत्व भी कर रहा है।

### नागपुर में 120 प्रति लीटर के भाव से बिक रही है सीएनजी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सीएनजी जैसे इको-फ्रैंडली ईंधन की पैरवी करते हैं, लेकिन उनके गृह शहर नागपुर में हालात बिल्कुल इसके विपरीत हैं। इसकी वजह ये है कि नागपुर में सीएनजी 120 रुपए प्रति किलोग्राम के रेट से बिक रही है। नागपुर में सीएनजी का रेट पूरे देश में सबसे ज्यादा है। शहर में सीएनजी ही नहीं बल्कि पेट्रोल और डीजल भी काफी महंगे हैं। नागपुर में 7 मार्च को डीजल की कीमत 92.51 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, पेट्रोल का भाव 109.75 रुपये प्रति लीटर पर रहा था। नागपुर में सीएनजी की कीमत पांच मार्च को 100 रुपए प्रति किलोग्राम थी। लेकिन इसमें उछाल देखने को मिला और सीएनजी की कीमत 20 फीसदी बढ़कर 120 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। नागपुर में आज के समय में गुजरात से एलएनजी मंगाया जाता है। इसे ही प्रोसेस करके सीएनजी में तब्दील किया जाता है। इस वजह से यहां सीएनजी का भाव देश में सबसे ज्यादा है। नागपुर में सिर्फ तीन सीएनजी पंप है जो एक निजी कंपनी चलाती है। इसी कंपनी का नागपुर में सीएनजी ईंधन पर एकाधिकार है। हालांकि, इसी कंपनी के अधिकारियों का कहना है की अभी नागपुर तक गैस पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है वह काम पूर्ण होने के बाद सीएनजी के दाम में कमी आ सकती है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में सीएनजी की कीमतें 50 पैसे से लेकर एक रुपए प्रति किलो तक बढ़ गई है। नई कीमतें मंगलवार सुबह 6 बजे से प्रभावी हो गई हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### भारत के प्रमोद ने स्पेन में जीते तीन स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली** । भारत के प्रमोद भगत ने स्पेन के विटोरिया में जारी स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों ही वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। भगत ने जीत के बाद उत्साहित होते हुए कहा है कि मेरा ध्यान फोकस अब ग्रेड वन टूर्नामेंट पर है। वहीं भारत के ही सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। एकल वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भगत ने कुमार नीतेश को 17-21, 21-17, 21-17 से हराया। पुरूष युगल में भगत और मनोज सरकार ने अपने ही हमवतन सुकांत और नीतेश को 21-19, 11-21, 21-11 से हराया। इसके अलावा मिश्रित युगल में भगत और पलक कोहली ने अपने ही देश के रूथिक रघुपति और मानसी जोशी को 14-21, 21-11, 21-14 से पराजित किया। दूसरी ओर सुकांत ने एकल वर्ग में मार्शेल एडम को 21--8, 21-18 से हराकर स्वर्ण जीता पर पुरूष युगल में खिताबी मुकाबले में हार के कारण उसे रजत पदक ही मिल पाया।

### इर्विन होंगे जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के नये कप्तान

**हरारे** । क्रेग इर्विन सीमित ओवरों के प्रारूप में जिम्बाब्वे टीम के नये कप्तान होंगे। रेगिस चकाब्वा को सभी प्रारुपों के लिए उपकप्तान बनाया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने यह घोषणा की है।बोर्ड के अनुसार सीन विलियम्स टेस्ट कप्तान बने रहेंगे। इर्विन ने गत वर्ष आयरलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ हुई सीमित ओवरों की क्रिकेट सीरीज में भी कप्तानी की थी। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में भी उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवर की सीरीज में टीम की कप्तानी की थी। बोर्ड ने यह भी कहा कि लालचंद राजपूत टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। वहीं सहयोगी स्टाफ के तौर पर लांस क्लूजनर भी टीम से जुड़े हैं। क्लूजनर को टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। इससे पहले भी वह 2016 से लेकर 2018 के बीच टीम के बल्लेबाजी कोच रहे थे। टीम के लिए गेंदबाजी कोच और फिटनेस ट्रेनर की नियुक्ति अभी होनी है। बोर्ड ने यह भी कहा है कि मैरी-ऐनी मुसोंडा और जोसेफिन नकोमो जिम्बाब्वे महिला टीम की कप्तान और उप-कप्तान बनी रहेंगी।

### अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने रूस के राष्ट्रपति को महासंघ से किया बाहर

**बुडापेस्ट** । यूक्रेन पर हमले के विरोध में अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने रुस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन और रूस समर्थक अधिकारी अरकाडी रोटेनबर्ग को महासंघ से बाहर कर दिया है। जूडो महासंघ ने कहा ,'' अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ घोषणा करता है कि पुतिन और रोटेनबर्ग को महासंघ में तमाम पदों से हटा दिया गया है। ''गौरतलब है कि पुतिन महासंघ के मानद अध्यक्ष थे जिन्हें पिछले सप्ताह ही यूक्रेन पर सैन्य हमले के कारण पद से निलंबित कर दिया गया था। गौरतलब है कि पुतिन जूडो के शौकीन हैं और 2012 लंदन ओलंपिक में ये खेल देखने पहुंचे थे। वहीं रोटेनबर्ग उनके पुराने दोस्त हैं और अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ की कार्यकारी समिति में अधिकारी हैं।

#### पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार

# विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से पाकिस्तान को हराया

**माउंटमाउनगुनी।** विमेंस वर्ल्ड कप में मंगलवार को खेले गए लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हरा दिया है। यह पाकिस्तान की वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी हार है। पहले मैच में पाकिस्तान को भारत के हाथों 107 रनों से हार का सामना करना पड़ा था।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 191 रन का लक्ष्य दिया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### पाकिस्तान की शुरुआत खराब

पाकिस्तान की शुरूआत काफी खराब रही। पाकिस्तान महिला टीम ने तीसरे ओवर में अपने शुरुआती विकेट नाहिदा खान (09) और सिदरा अमीन (02) के रूप में खो दिए, लेकिन कप्तान बिस्माह मारूफ और आलिया रियाज ने पारी को संभालते हुए 99 रनों की साझेदारी की और इसी के साथ दोनों खिलाड़ियों ने अपना अर्धशतक पूरा किया।



*माउंट माउनगुनी में पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारुफ महिला विश्व कप में अर्धशतक लगाने के बाद अपनी बेटी की ओर देखती हुई।*

मारूफ ने सबसे ज्यादा रन बनाए

पाकिस्तान की कप्तानी बिस्माह मारूफ ने 122 गेंदों पर नाबाद 78 रन की पारी खेली। उन्होंने 8 चौके भी जड़े। मारूफ के अलावा आलिया रियाज ने 109 गेंदों का सामना कर 53 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन से आगे नहीं ब? सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से अलाना किंग ने 9 ओवर में 24 रन देकरी 2 विकेट लिए।

### ऑस्ट्रेलिया की अच्छी शुरुआत

टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। पहला विकेट 60 रन पर गिरा। राचेल हेन्स 34 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुई। वहीं एलिसा हीली ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। उन्होंने 79 गेंद का सामना किया। उन्होंने 7 चौके भी लगाए। कप्तान मेग लैनिंग ने 37 गेंदों का सामना कर 35 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया की दूसरी जीत

ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 12 रन से हराकर जीत के साथ टूर्नामेंट में आगाज किया था। अब ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला 13 मार्च को न्यूजीलैंड के साथ है।अब पाकिस्तान का अगला मुकाबला 11 मार्च को साउथ अफ्रीका के साथ है।

# आईपीएल अभ्यास सत्र में बड़े शॉट खेलते नजर आये धोनी

**चेन्नई** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने यहां आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए अभ्यास के दौरान बड़े शॉट खेले। सीएसके ने अभ्यास सत्र का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है। इस वीडियो में चेन्नई के गेंदबाज सी. हरि निशांत, राजवर्धन हेंगरगेकर, केएल आसिप के अलावा बल्लेबाज अंबाति रायुडू भी नजर आ रहे हैं। अभ्यास शिविर में करीब 25 से 30 खिलाड़ी भाग लेते हुए दिखे।

इससे पहले धोनी अभ्यास स्थल बदलने को लेकर चर्चाओं में आए थे। आईपीएएल प्रबंधन की इस घोशणा के बाद कि सभी मुकाबले महाराष्ट्र में होने हैं। धोनी ने अपना आधार शिविर चेन्नई से सूरत कर दिया था। सूरत के इस स्टेडियम की पिच उसी मिट्टी से बनी हुई है जिससे महाराष्ट्र की अन्य पिचें बनी हैं। ऐसे में प्रशंसक फैंस धोनी के इस फैसले की तारीफ करते नजर आये हैं।

चेन्नई टीम = रविंद्र जडेजा, महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, अंबाति रायुडू, रॉबिन उथप्पा, दीपक



चाहर, केएम आसिफ, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, महीष ठीकशाना, राजवर्धन हैंगरगेकर, समरजीत सिंह, ड्वोन कॉनवे, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, सेनापति, एडम मिल्ने, मुकेश चौधरी, प्रशांत सोलंकी, सी. हरि निषांत, एन. जगदीश्र, क्रिस जॉर्डन और के भगत वर्मा।

# भविष्य के लिए बेहतर टीम तैयार करना लक्ष्य : रोहित

**मोहाली** । भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उनका लक्ष्य भविष्य के लिए एक बेहतर टीम तैयार करना है। रोहित के अनुसार अच्छी 'बेंच स्ट्रेंथ% तैयार करना है भी जीत दर्ज करने जितना ही जरुरी है। रोहित ने कहा कि अगर आपको 'बेंच स्ट्रेंथ% बनानी है तो आपको अभी से सोचना शुरू करना होगा, तभी भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। यह मेरी चुनौतियों में से एक है और मेरी जिम्मेदारियों में से एक है। मैंने यह जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है कि ऐसी बेंच स्ट्रेंथ तैयार की जाये जिसमें सभी बातों का ध्यान रखा जा सके। टीम अब अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे से आगे बढ़ रही है , इसलिए युवा खिलाड़ियों को अपने पर भरोसा दिलाना जरूरी रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिये अहम



है कि मैं इन युवा खिलाड़ियों को किस तरह से खिलाता हूं जो बाहर बैठे हैं और मैं उन्हें आत्मविश्वास कैसे दिला सकता हूं। जब उन्हें अवसर मिले तो उन्हें बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि उन्हें क्या करना और हासिल करना है। इससे हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ेगा, भले ही हम जीते या फिर हारें। कप्तान ने यह भी कहा कि कोई भी नये खिलाड़ियों से आते ही मैच जिताने की उम्मीद नहीं कर सकता। आप यह नहीं कह सकते कि आपको मैच जिताने ही होंगे क्योंकि मैच जीतने के लिए आपको कई चीजें करने की जरूरत होती है। बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने के लिए खिलाड़ियों के लिए स्पष्ट रुख के साथ ही अच्छा माहौल बनाये रखने की जरूरत है ताकि खिलाड़ी अच्छे माहौल में निखर सकें।

# सीनियर खिलाड़ियों के लिए भी घरेलू क्रिकेट अनिवार्य बनाएगा एसीबी

**नई दिल्ली** । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अब राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ियों के लिए भी घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने जा रहा है। एसीबी के अनुसार अगर सीनियर खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाये रखनी है तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलते रहना होगा। बोर्ड के नए चेयरमैन अशरफ भी चाहते हैं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य हो। उनके अनुसार सीनियर्स खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए उपलब्ध होने पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राशिद खान जैसे स्टार खिलाड़ी को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा क्योंकि घरेलू क्रिकेट से ही टीम मजबूत होती है। साथ ही कहा कि हम इसे और भी बेहतर बनाने की योजना बना रहे हैं। टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी के लिए घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कठिन प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें सभी खिलाड़ियों को शामिल होना होगा। अफगानिस्तान के घरेलू कार्यक्रम के अनुसार इस साल अंडर 16 एकदिवसीय और टी 20 टूर्नामेंट का आयोजन होना है। अफगानिस्तान बोर्ड 3 टी20 टूर्नामेंट, 4 एकदिवसीय प्रतियोगिता, जिसमें लिस्ट ए टूर्नामेंट भी शामिल है और एज लेवल क्रिकेट का भी आयोजन होना है।

## गाडर्नर की जगह हीथर को शामिल कर सकेगी ऑस्ट्रेलिया

**क्राइस्टचर्च** । ऑस्ट्रेलियाई टीम कोरोना वायरस से पीड़ित एशले गाडर्नर की जगह हीथर ग्राहम को महिला क्रिकेट टीम में शामिल कर सकेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला क्रिकेट विश्व कप इवेंट तकनीकी समिति ने गाडर्नर के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में हीथर को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। आईसीसी ने हालांकि कहा कि कोविड रिप्लेसमेंट केवल अस्थायी रहेगा। हीथर ने अब एक ही अंतरराष्ट्रीय मैच साल 2019 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसमें यह नियम है कि एक बार खिला?ी ठीक हो हो जाये तो उसे रिजर्व खिलाड़ी के स्थान पर टीम में वापस लौटना होगा। गाडर्नर तीन मार्च को कोरोना से संक्रमित पाई गई थीं।

## व्यापार न्यूज

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में मंगलार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोना वायदा मंगलवार सुबह हल्की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। एमसीएक्स पर अप्रैल 2022 की डिलीवरी वाला सोना मंगलवार सुबह 108 रुपये की गिरावट के साथ ही 53,409 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखाई दिया। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी मंगलवार सुबह हल्की गिरावट देखने में आई। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में 5 मई 2022 की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 63 रुपये की हल्की गिरावट के साथ ही 69,906 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती दिखाई दी।

### बीएमडब्ल्यू के भारतीय संयंत्र ने एक लाख कार निर्मित करने का आंकड़ा पार किया

**चेन्नई** । लग्जरी दोपहिया और चारपहिया वाहन बनाने वाली जर्मनी की कंपनी बीएमडब्ल्यू के भारतीय संयंत्र ने शुक्रवार को एक लाख कार निर्मित करने का आंकड़ा पार कर लिया है। चेन्नई स्थित इस संयंत्र में बीएमडब्ल्यू की 1,00,000 वीं कार निर्मित होने के अवसर पर संयंत्र के प्रबंध निदेशक थॉमस डोज ने कहा, यह हमारे लिए बहुत ही खुशी और गर्व का दिन है, क्योंकि हमने एक लाख मेड इन इंडिया कार बनाने का आंकड़ा पार कर लिया है। यह पूरी टीम के कठिन परिश्रम का फल है।

### 80 के ऊपर निकल सकता है रुपया

नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया 80 के ऊपर निकल सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल सहित दुनिया भर में कई ऐसे कारण हैं जिससे रुपये लगातार गिरा रहा है। ऐसे में यह भी हो सकता है कि यह जल्द ही अमेरिकी डॉलर की तुलना में 80 का स्तर भी तोड़ दे। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मुद्रा बाजार में अगले कुछ सप्ताह में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। यूक्रेन पर हुए हमले के बाद पिछले एक महीने से जिस तरह के हालात बने हैं। ऐसे में रुपये पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इन हालातों में रिजर्व बैंक हस्तक्षेज कर सकता है।

# रूस ने दी चेतावनी : 200 रुपए लीटर की सीमा लांघ जाएगा पेट्रोल-डीजल!

**नई दिल्ली** । रूस-यूक्रेन जंग के असर के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल (क्रूड आयल) की कीमत 2008 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और यह 300 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। रूस ने पश्चिमी देशों को धमकी दी है कि अगर पश्चिमी देशों ने रूस ने एनर्जी सप्लाई में कटौती की तो कच्चे तेल की कीमत 300 डॉलर के पार पहुंच सकती है। साथ ही यूरोप को गैस सप्लाई करने वाली रूस-जर्मनी गैस पाइपलाइन को बंद कर दिया जाएगा। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका और यूरोपीय देश रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। इससे बाद कच्चे तेल की कीमत 2008 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। खबरों के मुताबिक रूस के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर अलेक्सांद्र नोवाक ने कहा कि अगर अमेरिका और सहयोगी देशों ने ऐसा किया तो इसके ग्लोबल मार्केट में भयानक परिणाम होंगे। इससे कच्चे तेल की कीमत 300 बैरल प्रति बैरल पहुंच सकती है। नोवाक ने कहा कि रूस के मिलने वाले तेल को रिप्लेस करने के लिए यूरोप को एक साल से अधिक समय लगेगा और उसे इसके लिए बहुत ज्यादा कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि यूरोप के नेताओं को ईमानदारी से अपने लोगों को बताना चाहिए कि इसका उनके लोगों और उपभोक्ताओं पर क्या असर होगा। उन्होंने कहा, %अगर आप रूस से तेल की सप्लाई बंद करना चाहते हैं तो शौक से कीजिए। हम इसके लिए तैयार हैं। हम जानते हैं कि हमें अपने तेल को कहां बेच सकते हैं।



रूस यूरोप को 40 फीसदी गैस की सप्लाई करता है। रूसी डिप्टी प्राइम मिनिस्टर ने साथ ही कहा कि उनका देश यूरोप से किए गए वादे को निभा रहा है। लेकिन हमें अपने देश के हित में कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। जर्मनी ने पिछले महीने नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन को सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया था। नोवाक ने कहा कि उनका देश नॉर्ड स्ट्रीम 1 गैस पाइपलाइन से सप्लाई रोक सकता है। अब तक हमने ऐसा नहीं किया है लेकिन यूरोपीय नेताओं के भड़काऊ बयानों से हम ऐसा करने के लिए मजबूर हो सकते हैं। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 300 डॉलर प्रति बैरल पहुंचती है तो देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत 200 रुपये प्रति लीटर पहुंच सकती है। पिछले साल नवंबर की शुरुआत में जब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार बदलाव हुआ था तो तब कच्चे तेल की औसत कीमत 81.5 डॉलर प्रति बैरल थी। दिल्ली में अभी पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये और डीजल की कीमत 86.67 रुपये प्रति लीटर है।जानकारों के मुताबिक कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर की बढ़ोतरी से पेट्रोल-डीजल की कीमत में 50 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है। करीब 80 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर इसकी कीमत 95 रुपए है। अगर कच्चे तेल की कीमत 300 डॉलर प्रति बैरल पहुंचती है तो देश में पेट्रोल की कीमत 200 रुपए लीटर के पार पहुंच जाएगी। कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को भारी घाटा हो रहा है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में भारी बढ़ोतरी हो सकती है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को भी गिरावट के साथ ही खुला। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों से घरेलू बाजार में भी यह गिरावट आई है है। तेल की कीमतें बढ़ने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से 30 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। यह सुबह खुलने के बाद 432.36 अंक करीब 0.81 फीसदी नीचे आकर 52,410.39 पर खिसक गया। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 115.75 अंक तकरीबन 0.72 फीसदी टूटकर 15,747.40 पर पहुंच गया। इससे पहले सोमवार को भी सेंसेक्स 1,491.06 अंक करीब 2.74 फीसदी की गिरावट के साथ ही 52,842.75 पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 382.20 अंक करीब 2.35 फीसदी टूटकर 15,863.15 पर आ गया। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर सबसे ज्यादा गिरे जबकि पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एनटीपीसी, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर ऊपर आये हैं।

# क्रिप्टो करेंसी पर बाइडन इस सप्ताह जारी कर सकते हैं कार्यकारी आदेश

**वाशिंगटन** । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस सप्ताह क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, जो डिजिटल मुद्रा के कारोबार को विनियमित करने की दिशा में पहला कदम होगा। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया जा रहा है, जब प्रशासनिक अधिकारियों ने चिंता जताई है कि यूक्रेन पर हमले के जबाव में लगाए गए प्रतिबंधों को बेअसर करने के लिए रूस क्रिप्टोकरेंसी के इस्तेमाल कर सकता है। इन प्रतिबंधों के चलते रूबल में ऐतिहासिक गिरावट आई और रूस ने अपने शेयर बाजारों को बंद कर दिया है। पूरी गतिविधि से परिचित दो लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि क्रिप्टोकरेंसी पर कार्यकारी आदेश इस सप्ताह जारी होने की उम्मीद है। इस पर युद्ध शुरू होने के काफी पहले से काम किया जा रहा था।

# निवेशकों के लिए इस महीने आ रहे 1.10 लाख करोड़ से ज्यादा के आईपीओ

**नई दिल्ली** । इस साल की शुरुआत से ही बाजार पर दबाव बना हुआ है। अभी तक बाजार में 10 फीसदी तक की गिरावट आ चुकी है। आईपीओ मार्केट पर भी इसका असर पड़ा है। पिछले साल रिकॉर्ड संख्या में आईपीओ आने के बाद इस साल इनकी रफ्तार अब तक थोड़ी सुस्त रही है। नए साल के 2 महीने गुजर चुके हैं और अभी तक कुछ ही आईपीओ मार्केट में आए हैं। हालांकि ऐसा लग रहा है कि मार्च में यह ट्रेंड बदल सकता है। मार्च महीने में एक के बाद एक 15 आईपीओ कतार में हैं और ये मिलकर 1.10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाने का प्रयास करने वाले हैं। शेयर मार्केट पिछले 1 महीने में 8 फीसदी से ज्यादा टूटा है। घरेलू शेयर बाजार अभी करीब 8 महीने के निचले स्तर पर है और पिछले साल अगस्त के बाद पहली बार निफ्टी (एनएसई) 16 हजार अंक से नीचे उतरा है।

इस तरह देखें तो यह आईपीओ के लिहाज से ठीक माहौल नहीं है। इस साल अभी तक आए आईपीओ में एक अडानी विल्मर का ही परफॉर्मेंस कुछ ठीक रहा है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि कुछ प्रस्तावित आईपीओ को टाला भी जा सकता है। इस महीने के लिए प्रस्तावित आईपीओ में सबसे बड़ा नाम है सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी




(एलआईसी आईपीओ) का। यह आईपीओ देश के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ होने वाला है। सरकारी बीमा कंपनी इस आईपीओ से करीब 66 हजार करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करने वाली है। इस आईपीओ में सरकार अपनी 5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने वाली है। इसमें इन्वेस्टर्स के पास करीब 3.2 करोड़ शेयर खरीदने का मौका होगा। हालांकि कुछ खबरों में कहा जा रहा है कि बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसे अगले फाइनेंशियल ईयर के लिए टाला जा सकता है।

इसके बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण आईपीओ होगा देश के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई का। यह आईपीओ 10 हजार करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ काफी पहले आने वाला था लेकिन कई कारणों से यह टलता रहा। अज्ञात योगी प्रकरण सामने आने के बाद यह स्टॉक एक्सचेंज बीते कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसे बीएसई पर लिस्ट किया जएगा। इसके अलावा एनएसई को किसी विदेशी एक्सचेंज पर भी लिस्ट किया जा सकता है। इस महीने के लिए प्रस्तावित अन्य बड़े आईपीओ में स्टार्टअप कंपनी ओयो रूम्स का करीब 8,500 का इश्यू, बाबा रामदेव की कंपनी रूचि सोया का 4,300 करोड़ रुपये का आईपीओ और गो एयरलाइंस का 3,600 करोड़ रुपए का आईपीओ मुख्य है। इनके अलावा मोबीक्विक, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज, इक्सिगो, पेना सीमेंट, पारादीप फॉस्फेट, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ट्रैक्शन टेक्नॉलाजी, स्केनरे टेक्नॉलाजी और ईएसडीएस सॉफ्टवेयर लि. भी मार्च में आईपीओ लाने की तैयारी में हैं।



# डांस इंडिया डांस फेम स्नेहा गुप्ता जल्द वेब सीरीज में आएंगी नजर, बनेंगी 'तवायफ'



डांस इंडिया डांस, दिल दोस्ती डांस और एक विवाह ऐसा भी फेम स्नेहा गुप्ता जल्द ही वेब सीरीज में नजर आएंगी. वो 'तवायफ' सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखाई देंगी. 8 एपिसोड्स की इस सीरीज में देश में रह रहे सेक्स वर्कर्स की जिंदगी को दर्शाया जाएगा. इस चैलेंजिंग रोल को निभाने के लिए एक्ट्रेस काफी उत्साहित हैं. नेहा ने बताया कि ये रोल काफी मुश्किल है क्योंकि ये एक संवेदनशील मुद्दा है. चूंकि सेक्स वकर्स की लाइफ खुद में बहुत संघर्षपूर्ण होती है ऐसे में ये किरदार निभाना उनके लिए एक बड़ी बात है. इस रोल के लिए खुद को तैयार करने की प्रेरणा स्नेहा को वेटरन एक्ट्रेस रेखा से मिली. उनका कहना है कि जिस तरह रेखा ने फिल्म उमराव जान में एक प्रॉस्टिट्यूट की भूमिका बखूबी निभाई थी. इसके अलावा मीना कुमारी ने पाकीजा में और माधुरी दीक्षित ने देवदास में तवायफ की भूमिका निभाई थी. ऐसे में इन्हें देखकर ऐसे रोल को करने की प्रेरणा मिली है. महरूक मिर्जा द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज में स्नेहा के अलावा दिग्गज कलाकार नसीरुद्दीन शाह, रजा मुराद, आसिफ शेख, मुकेश ऋषि, आयशा जुल्का, राखी सावंत और अश्मित पटेल अहम भूमिका में होंगे. ये रोल पाकर स्नेहा काफी खुश हैं. उनका मानना है कि ये खुद को साबित करने का एक अच्छा मौका होगा क्योंकि इसमें अच्छी एक्टिंग की जरूरत होगी. स्नेहा ने बताया कि इस रोल को करने के लिए उन्हें अपनी बॉडी लैग्वेज सही भाषा पर पकड़ मजबूत करनी होगी।

## विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक के लिए सैफ अली खान ने जार्च की इतनी मोटी रकम



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सैफ अली खान आने वाले दिनों में कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक भी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विक्रम वेधा एक तमिल फिल्म है। जिसका हिंदी में निर्माण किया जा रहा है। विक्रम वेधा के तमिल वर्जन में मुख्य किरदार के रूप में विजय सेतुपति और आर माधवन नजर आए थे। वहीं अब इसके हिंदी वर्जन में अभिनेता ऋतिक रोशन और सैफ अली खान को लेने की बातें चल रही है। खबरों के अनुसार ये दोनों ही कलाकार फिल्म विक्रम वेधा के रीमेक में मुख्य किरदार में नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसको सुनने के बाद आप उत्साहित हो जाएंगे। अभिनेता ऋतिक रोशन जहां फिल्म में गैंगस्टर के रोल में दिखाई देने वाले हैं। वहीं सैफ अली खान एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले हैं। अब ऐसे में अभिनेता सैफ अली खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। अभिनेता ने फिल्म के लिए काफी मोटी रकम मेकर्स से वसूली है। खबरों के अनुसार अभिनेता सैफ अली खान फिल्म के लिए करीब 12 करोड़ रूपए जार्च कर रहे हैं। फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगे। खबरों में कहा जा रहा है कि, फिल्म के प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है। हो सकता है कि इसी साल गर्मियों में जून के महीने में फिल्म की शूटिंग शुरू की जाए। वैसे आपको बता दें कि फिल्म को लेकर कोई भी अधिकारी का ऐलान नहीं किया गया है। उम्मीद है कि फिल्म का आधिकारिक जल्द ही किया जाएगा।

### आदित्य नारायण की जगह ऋत्विक धंजानी आएंगे नजर


रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 सोनी चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है. इस शो को एक बार फिर से फैंस के बीच उतना ही प्यार मिल रहा है जिसका पहले कभी पसंद किया जाता था. शो के कंटेस्टेंट को फैंस काफी पसंद किया जा रहा है. अब शो को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है. खबर के अनुसार अब आदित्य नारायण की जगह शो को ऋत्विक धंजानी को होस्ट करेंगे. हाल ही में शो के होस्ट आदित्य नारायण को कोरोना हो गया है. आदित्य इन दिनों रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 को होस्ट करते नजर आते हैं, लेकिन कोरोना की चपेट में आने के कारण उन्होंने फिलहाल शो को छोड़ दिया है. आदित्य नारायण ने खुज सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की थी।

## मानेकशॉ पर बन रही बायोपिक सैम बहादुर में मुख्य भूमिका में दिखेंगे विक्की कौशल



भारत के सबसे महान युद्ध नायकों में से एक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का जन्म को एक सदी हो चुके हैं। और आज उनकी जयंती के अवसर पर, आरएसवीपी से रॉनी स्क्रूवाला और फिल्म निमार्ता मेघना गुलजार ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म के शीर्षक 'सैम बहादुर' की घोषणा कर दी है। बहादुर मानेकशॉ के जीवन और समय के आधार पर, 'सैम बहादुर को इस विकराल फिल्म में प्रतिभाशाली विक्की कौशल द्वारा जीवित किया जाएगा जिसने पहले से ही अपने लुक रिलीज के साथ हर किसी का ध्यान आकर्षित कर लिया है। सैम मानेकशॉ के सैन्य करियर में चार दशक और पांच युद्ध शामिल है। वह पहले भारतीय सेना अधिकारी थे जिन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था और 1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। सैम मानेकशॉ की बायोपिक में विक्की कौशल का पहला लुक 2019 में जारी किया गया था, जिसमें सैम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई थी। पिछले साल, निमार्ताओं ने विक्की कौशल का दूसरा लुक जारी किया था जिसमें विक्की का फील्ड मार्शल से हूबहू मिलते लुक सभी को स्तब्ध कर दिया था। फिल्म की घोषणा, प्रतिक्रिया और 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल के लुक की प्रतिक्रियाओं ने इस बात की गवाही दी है कि युद्ध और जीवन में मानेकशॉ की पौराणिक स्थिति को याद किया जाता है और वे आज भी प्रासंगिक हैं। इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित निर्देशक मेघना गुलजार कहती हैं, वह एक सैनिक के सिपाही और एक सज्जन व्यक्ति थे। सैम बहादुर जैसे पुरुष अब ओर नहीं बनते हैं। मैं रोनी स्क्रूवाला और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली विक्की कौशल के साथ उनकी कहानी पेश करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। फील्ड मार्शल की जयंती पर, उनकी कहानी को नाम मिला है। मैं बहुत ज्यादा खुश हूं। शीर्षक भूमिका निभा रहे विक्की कौशल ने साझा किया, मैंने पंजाब से तालुख रखने वाले मेरे माता-पिता से हमेशा सैम बहादुर के बारे में कहानियाँ सुनी हैं और वह 1971 का युद्ध देख चुके हैं लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मेरे होश उड़ गए थे। वह एक नायक और देशभक्त है, जिन्हें आज भी याद किया जाता है और प्यार किया जाता है और फिल्म में उसकी भावना को कैप्चर करना मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्व रखता है। आगे, निर्माता रोनी स्क्रूवाला कहते हैं, हम अपने सबसे महान नायकों में से एक की कहानी को उजागर करने और उसकी जन्मशती के अवसर पर शीर्षक 'सैम बहादुर की घोषणा करने के लिए उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

# जॉन अब्राहम ने शुरू की 'पठान' की शूटिंग, विलेन बनकर शाहरुख खान को देंगे टक्कर



रोमांस के किंग शाहरुख खान लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब हैं. शाहरुख की वापसी का सभी को बेसब्री से इंतजार है इसलिए वह अक्सर सोशल मीडिया पर किंग खान से उनकी फिल्म के बारे में पूछते रहते हैं. इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम लीड रोल में नजर आने वाले हैं. जॉन इस फिल्म में विलेन बनकर शाहरुख खान को टक्कर देते नजर आएंगे. जॉन ने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. जॉन अब्राहम, शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण पहली बार साथ में काम करने जा रहे हैं. सिद्धांत आनंद के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग जॉन ने यशराज स्टूडियो में शुरू कर दी है. उन्हें यश राज स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया है. जॉन और शाहरुख खान के कई एक्शन सीन साथ में फैंस को देखने को मिलेंगे. इतना ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी इस महीने के आखिर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी करेंगी. रिपोर्ट्स की माने तो मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम विदेश में फिल्म के अन्य भाग की शूटिंग करेंगे.फैंस को शाहरुख और जॉन के एक्शन सीन देखने का बेसब्री से इंतजार है. मेकर्स जल्द ही फिल्म को लेकर अनाउंसमेंट करने वाले हैं. शाहरुख खान की फिल्म पठान में सलमान खान कैमियो करते नजर आएंगे. उन्होंने खुद बिग बॉस 14 में बताया था कि वह पठान में नजर आएंगे. जिसके बाद से सलमान के फैंस भी काफी उत्सुक हैं. सलमान ने पठान की शूटिंग पूरी कर ली है. फिल्म में सलमान का एक छोटा सा रोल है।

## अर्जुन कपूर और करीना कपूर ने किया फिल्म की एंड का के सीक्वल बनाने की डिमांड





बॉलीवुड के मशहूर कलाकार अर्जुन कपूर और करीना कपूर खान को एक साथ फिल्म की एंड का में देखा गया था। इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे 5 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर दोनों ही कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग सेट को याद किया और साथ ही ये भी कहा कि फिल्म का सीच्ल बनना चाहिए। अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वह अपने हाथ में मंगलसूत्र पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। अर्जुन ने इस पोस्ट को करते हुए करीना कपूर से एक सवाल भी किया। जिस पर अभिनेत्री का मजेदार जवाब भी सामने आया है। करीना कपूर खान ने फिल्म के 5 साल पूरे होने पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, इस फिल्म का सीच्ल बनना चाहिए। इस फिल्म को लेकर कुछ और भी बातें लिखी है जिस पर करीना कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक तस्वीर शेयर की है। जिसके साथ लिखा है कि एक फिल्म जिसे मैंने पूरी तरह इंजॉय किया। एक फिल्म जो काफी बोल्ड थी।

# प्रिया बनर्जी ने 'बेकाबू-2' के लिए बेकिंग क्लास की



अभिनेत्री प्रिया बनर्जी ने बेकाबू 2 के लिए बेकिंग में निपुण होने के लिए विशेष कक्षाओं में शामिल हुईं। अभिनेत्री ने कश्ती की भूमिका निभाई है जो शो में कपकेक की दुकान की मालकिन है। वह कहती हैं, बेकिंग बेहद थेरैप्यूटिक है, इसलिए जब किरदार को बेकिंग स्किल की जरूरत होती है, तब मैंने ऐसा करने का फैसला किया। प्रिया कहती हैं, लॉकडाउन के दौरान बेकर्स और शेफ के काम को देखकर वह बहुत प्रेरित हुईं। मुझे बस उस मौके की तलाश थी जो बेकाबू 2 में कश्ती की भूमिका के रूप में आई। मैंने आखिरकार इस मौके को लपक लिया और इसके लिए मैंने दो कक्षाओं में दाखिला लिया और इस प्रक्रिया में मदद करने के लिए कुक की किताब के एक सीखना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, कला के प्रति मेरा समर्पण इतना बढ़ गया है, मैंने बेकिंग उपकरण में भी निवेश करना शुरू कर दिया है। बेकिंग अब मेरे जीवन का इतना महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सीरीज में सुभा राजपूत, ताहिर शब्बीर, पोलोमी दास, ताहा शाह बादुशाह, स्मरण साहू और तुषार खन्ना भी हैं। यह ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित होता है।

# आलू बुखारा खाने से मिलती है बड़ी बड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद, जानिए हैरान करने वाले फायदे




हर औसम में कोई न कोई फल ऐसा होता है जो की बहुत ही ज्यादा गुणकारी होता है और साथ ही वह कई बीमारियों से लड़ने में भी हमारी मदद करता है । कहा जाता है की दिन भर में एक फल का सेवन अवश्य करना चाहिए । फल का सेवन करने से हमको कई बीमारियों से बचाव करने में तो मदद मिलती ही है साथ ही कई सारी ऐसी बीमारियाँ है जिनसे लड़ने में भी मदद मिलती है जिंका कोई इलाज़ नहीं है ।

आज हम बात कर रहे हैं इस मौसम की जान आलू बुखारे के बारे में । यह महरून लाल रंग का एक फल होता है । जो कि खाने में मीठा और खट्टा होता है । इसको कई लोग नमक लगा कर भी सेवन करते हैं । इसमें कई तरह के पोषक तत्व भी पाये जाते हैं । यह तत्व हमको कई बीमारियों से ही नही बल्कि स्किन की भी परेशानियों से बचाने का काम करते हैं । आइये जानते हैं इस फल के बारे में किंकया है इसके फायदे ।

आलू बुखारा में मौजूद विटमिन्स के कारण यह हड्डियों को मजबूत रखने में मददगार है। आलू बुखारे में मौजूद फाइट्रोन्यूट्रियंट्स महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी सहायक है। इसलिए आलूबुखारे के सेवन से आपकी हड्डियां मजबूत होंगी और हड्डी फैक्कर का खतरा भी कम होगा। आलू बुखारा डायबिटीज़ , मोटापा , बीपी , के साथ साथ स्किन के लिए भी आलूबुखारा काफी फायदेमंद है।

## मास्क का इस्तेमाल करने के दौरान इन बातों का रखें खास ख्याल



कोरोना वायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और हाथों को साफ रखने की सलाह दी जा रही है। इन सभी का अधिकतर लोग पालन भी कर रहे हैं। लेकिन जब आप मास्क का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जैसे मास्क का उपयोग कैसे करना है और कैसे नहीं? इस लेख में हम आपको बताएंगे कि मास्क के इस्तेमाल के दौरान किन बातों का आपको ध्यान रखना चाहिए....

जब आप अकेले हों तो इसे उतार दें और पूरे समय इसे पहनकर न बैठें। कार में भी चेहरे पर मास्क का इस्तेमाल करने से बचें। आप यदि अकेले हैं तो आपको मास्क की जरूरत नहीं है।

### एसी में मास्क पहनने से बचें।

मास्क का इस्तेमाल घर में करने की जरूरत नहीं होती।जब आप किसी भीड़ वाली जगह पर हैं, तब इसका उपयोग करें। अपने आपको सबसे अधिक बार अलग करते हुए इसका उपयोग कम करें। अपने साथ 2 मास्क रखें और हमेशा हर 4-5 घंटे में बदलाव करें और अधिक समय तक लगातार मास्क का इस्तेमाल न करें।

## सीहोर धर्म अनुष्ठान.... राजनीति के चक्रव्यूह में..!

**ओमप्रकाश मेहता**

क्या मध्यप्रदेश में अगले साल के अंत में होने वाला विधानसभा चुनाव देश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी धार्मिक आधार पर लड़ेगी? भाजपा चाहे इस कयास को गलत बताये किंतु प्रदेश में जिस तरह धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और प्रदेश का धार्मिक या धर्म सम्बंधी कार्यों के लिए छः करोड़ से बढ़ाकर दो हजार करोड़ किया जा रहा है, उससे तो ऐसा ही लग रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार ने धर्म तथा धार्मिक कार्यों हेतु 2019 में मात्र छः करोड़ की राशि पारित की थी जिसे महज तीन साल बाद भाजपा सरकार बढ़ाकर तीन सौन गुना से भी अधिक करने जा रही है। आगामी सप्ताह जो राज्य का बजट सरकार विधानसभा में प्रस्तुत करने जा रही है, उसमें धर्म व धर्मस्व विभाग के लिए दो हजार करोड़ और गायों पर 90 करोड़ रूपए खर्च करने का प्रावधान किया जा रहा है। वैसे बजट सम्बंधी तथा भाजपा सरकार के धर्म व धार्मिक आयोजन के प्रति झुकाव का ताजा उदाहरण पिछले सोमवार को इन्दौर- भोपाल राजमार्ग पर सीहोर के निकट आयोजित रूद्राक्ष महोत्सव है, जिसमें तीन लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति और उसके कारण राजमार्ग पर हुआ भीषण जाम है, मैं स्वयं भी इस जाम का शिकार हुआ, जिसे आष्टा से भोपाल पहुंचने में करीब छः घण्टे का समय लगा। यह राजमार्ग सोमवार 28 फरवरी को प्रातः दस बजे से रात ग्यारह बजे तक वाहनों द्वारा जनित जाम के कारण बाधित रहा। इससे व्यथित होकर इस आयोजन के आयोजकों ने यद्यपि छः दिवसीय आयोजन उसी दिन स्थगित कर दिया, जिसे लेकर सत्तारूढ़ दल में आपसी खिंचतान शुरू हो गई है, जिला प्रशासन का कहना है कि उसे पचास हजार लोगों के आयोजन में शामिल होने की सूचना दी गई थी जबकि करीब तीन लाख से भी ज्यादा लोगों ने उक्त आयोजन में शिरकत की। मैंने देखा लोग अंधेरे में मोबाइल की फ्लेश लाईट में रास्ता खोजते और राजमार्ग पर 'लिफ्ट' मांगते नजर आये। मैंने इस मजमें को देखकर अपने सह-यात्रियों से कह दिया था कि इस आयोजन के पीछे राजनीति अवश्य है और सत्तारूढ़ दल के किसी बड़े नेता का आयोजन महाराज को समर्थन अवश्य है, जो अब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मुख्यमंत्री के लिये नाराजी भरे पत्र से उजागर हो गया। उस दिन सुबह से लेकर देर रात तक इसी कारण राजमार्ग का यातायात बाधित रहा, इसकी किसी को कोई चिंता नहीं थी। न वहां पीने के पानी की व्यवस्था थी, न प्रकाश की? सभी लोग अंधेरी रात में परेशान होते नजर आए, कारों की गति जाम के कारण डेढ़ घण्टा प्रति किलोमीटर थी, बच्चे भूख-प्यास से सड़क पर बिलख रहे थे और माँ-बाप परेशान थे, उनकी चिंता करने वाला कोई नहीं था, न जिला प्रशासन व धार्मिक आयोजन के कर्ताधर्ता ही? और जब एक दिन की इस भीषण परेशानी के बाद आयोजन स्थगित कर दिया गया तो इस पर राजनीति प्रारंभ हो गई। मैं स्वयं चूंकि इस दुःखद अवसार का भुक्तभोगी हूँ, इसलिए मैं आदरणीय कैलाश जी से पूछना चाहता हूँ कि वे स्वयं उस जाम के समय वहां थे और क्या अब ऐसी राजनीति ही चलेगी? इस आयोजन के स्थगन से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी व्यथित है, इस पर प्रदेश के गृहमंत्री को धार्मिक आयोजन के आयोजक कथाकार पंडित जी से व्यंग में कहना पड़ा कि ''क्षमाप्रार्थी है, भविष्य में कुछ सेवा हो तो बताईयेगा, आपकी कृपा से ही यह

## 'राष्ट्रभक्ति का पाठ' क्या सिर्फ़ जनता के लिये ?

**निर्मल रानी**

विगत पांच फ़रवरी को हैदराबाद के निकट संत रामानुजाचार्य की 216 फुट ऊंची विशालकाय प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। वैष्णव संत रामानुजाचार्य की 1000 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुरू हुए इस विशाल आयोजन में 2 से 14 फ़रवरी तक प्रतिदिन 1,035 कुंडों के साथ 14 दिनों तक महायज्ञ किया गया। इस आयोजन में प्रधानमंत्री के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत व मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री शिवराज चौहान सहित अनेक क़द्दावर राष्ट्रभक्त नेताओं ने भी शिरकत की। इस आयोजन में उपस्थित संत जनों के अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मोहन भागवत व शिवराज चौहान की वेश भूषा पर यदि ग़ौर करें तो मोदी, भागवत व चौहान भी कोई महान संत व त्यागी महात्मा प्रतीत हो रहे थे। मोदी तो बाक़ायदा अपने माथे पर रामानंदी अखाड़े के साधू संतों द्वारा धारण किया जाने वाला विशाल रामानंदी तिलक लगाये हुये थे। वे पहले भी कई बार भारत के कई मठों मंदिरों से लेकर काठमाण्डू के पशुपतिनाथ मंदिर तक में साधू संतों के वेश में नज़र आ चुके हैं। आयोजन को देखकर वास्तव में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह विशाल व अत्यंत ख़र्चीला आयोजन पूर्णतयः सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से ओत प्रोत है।

परन्तु देशवासियों को यह जानकार आश्चर्य होगा कि संत रामानुजाचार्य की स्टील तथा पंचधातु से निर्मित इस 216 फुट ऊंची प्रतिमा की ढलाई का काम चीन की एरोसन कारपोरेशन नामक एक कंपनी द्वारा किया गया है। बताया जारहा है इस के निर्माण पर 135 करोड़ रूपये की लागत आई है। इसे 1600 अलग अलग टुकड़ों में ढालकर चीन से भारत (हैदराबाद ) लाया गया जहाँ प्रतिमा के इन टुकड़ों को जोड़कर संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी का भव्य एवं विराट रूप दिया गया। यह प्रतिमा उसी चीन में निर्मित की गयी है जो कभी लद्दाख़ कभी पेंगोंग कभी अरुणाचल प्रदेश तो कभी डोकलाम तो कभी तिब्बत व नेपाल के सीमान्त इलाक़ों से भारत घुसपैठ करने की कोशिश करता रहता है। विस्तारवादी नीति अपनाने वाले इसी चीन के सैनिकों के साथ हमारे देश के सैनिकों की सीमा पर अनेक बार हिंसक मुठभेड़ भी हो चुकी है। और ऐसी घटनाओं के बाद अनेक बार ज़िम्मेदार सत्ताधारी राष्ट्रवादियों की ओर से यह अपील भी की जा चुकी है कि भारतवासी चीनी सामग्री व चीनी हितों को साधने वाली किसी भी व्यवस्था का बहिष्कार करें। भारत-चीन के मध्य तनाव के बीच अनेक अतिउत्साही राष्ट्रवादी जगह जगह चीन निर्मित सामानों की होली जलाते भी दिखाई दे जाते हैं। कभी सरकार भी कुछ चीनी ऐप आदि प्रतिबंधित कर प्रतीकात्मक रूप से देश की जनता को यह संदेश देने की कोशिश करती है कि सरकार भी चीन का बहिष्कार कर रही है।

हैदराबाद में स्थापित की गयी संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा चीन निर्मित कोई पहली प्रतिमा नहीं है। इससे पहले अक्टूबर 2018 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही हाथों गुजरात के नर्मदा तट पर लोकार्पित की गयी सरदार बल्लभ भाई पटेल की लगभग तीन हज़ार करोड़ रूपये लागत की 182 मीटर ऊँची प्रतिमा भी चीन में ही निर्मित की गयी है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी नामक सरदार पटेल की इस मूर्ति में भी चार धातुओं का उपयोग किया गया है। इस प्रतिमा में 85 प्रतिशत तांबे का इस्तेमाल किया गया है। इसी प्रतिमा



के निर्माण के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से पुराना लोहा मांगा था और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशेषकर किसानों से लोहा इकठ्ठा कर गुजरात भेजा था। सरदार पटेल जैसे देशभक्त व स्वदेशी की वकालत करने वाले लौह पुरुष की प्रतिमा चीन से बनकर आयेगी शायद सरदार पटेल ने कभी सोचा भी नहीं होगा। केवल प्रतिमायें ही नहीं बल्कि सरकारी स्तर पर किये जाने वाले अनेकानेक सजावटी कामों में भी चाईनीज़ लाइट्स व एल ई डी का भरपूर इस्तेमाल होते देखा जा सकता है। दिल्ली-मेरठ हाईवे पर दिल्ली से प्रवेश करते ही आपको दोनों और खंबों पर तिरंगी रौशनी बिखेरती एल ई डी नज़र आएगी। इनमें लगभग आधी तो जलती ही नहीं हैं। देश के अनेक पार्क,पुल,फ़्लाई ओवर आदि इन्हीं चाइनीज़ लाइट्स से सजे हुए हैं। यह सब वही सामग्री है जिसके बहिष्कार के लिये देशवासियों से बार बार कहा जाता है। गणतंत्र दिवस के दिनों विशेषकर बीटिंग रिट्रीट के दिन राष्ट्रपति भवन,साऊथ व नॉर्थ ब्लॉक जिस रंग बिरंगी रौशनी की छटा बिखेरता है और जिसे देखने के लिये लाखों पर्यटक व देशवासी दिल्ली आते हैं वह सारी विद्युत सामग्री व उपकरण भी चीन निर्मित आयातित ही होते हैं। जिन बड़ी बड़ी योजनाओं व निर्माण कार्यों के ठेके चीन को दिये जा रहे हैं उनकी तो बात ही अलग है।

उधर दूसरी तरफ़ यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न मंचों से आत्म निर्भर भारत , मेक इन इंडिया और वोकल फ़ॉर लोकल जैसे लोकलुभावने नारों को भी बुलंद करते रहते हैं। आख़िर क्या वजह है कि विगत आठ साल से केंद्रीय सत्ता का नेतृत्व करने के बावजूद अभी तक स्वयं सत्ता से जुड़े लोग ही इतने भी वोकल फ़ॉर लोकल नहीं हो सके कि आत्म निर्भर भारत व मेक इन इंडिया जैसे बहुप्रचारित अभियान के अंतर्गत कम से कम विशाल प्रतिमाओं के निर्माण का काम तो शुरू हो गया होता ? जबकि हमारा देश प्रतिमा व मूर्तियां बनाने के क्षेत्र में सदियों से महारत रखता है ? भारतीय मूर्तिकारों द्वारा बनाई गयी हज़ारों प्रतिमायें भारत सहित पूरे विश्व में जगह जगह स्थापित हैं। यदि आत्म निर्भर भारत , मेक इन इंडिया और वोकल फ़ॉर लोकल जैसे नारे केवल लोकलुभावन नहीं बल्कि वास्तव में धरातल पर साकार होने के लिये गढ़े गये हैं तो इन विशालकाय ऊंची प्रतिमाओं को बनाने के लिए भी सरकार हमारे देश के मूर्तिकारों को ऐसी प्रतिमाओं को गढ़ने या ढालने की विशेष तकनीक तथा इसके लिये ज़रूरी बुनियादी ढांचे मुहैय्या क्यों नहीं करवाती ?

आज भी यदि आप भारतीय बाज़ारों पर नज़र डालें तो यही पायेंगे कि हमारे बाज़ार नाना प्रकार के चीनी सामानों से पटे पड़े हैं। चीन से आने वाले हज़ारों कंटेनर प्रतिदिन चेन्नई बंदरगाह पर उतर रहे हैं। सरकार स्वयं चीनी सामानों का आयात बंद नहीं कर रही है। परन्तु राष्ट्रभक्ति का भ्रम बनाये रखने के लिये जनता से चीनी सामानों के बहिष्कार की अपील सत्ताधारी लोगों द्वारा समय समय पर

## तुम्हारी सम्पदा है निष्ठा

यदि तुम सोचने हो कि ईश्वर में तुम्हारी निष्ठा ईश्वर का कुछ हित कर रही है, तो यह भूल है। ईश्वर या गुरु में तुम्हारी निष्ठा ईश्वर या गुरु का कुछ नहीं करती। निष्ठा तुम्हारी सम्पदा है। निष्ठा तुम्हें बल देती है। तुममें स्थिरता, केंद्रीयता, प्रशांति और प्रेम लाती है। निष्ठा तुम्हारे लिए आशीर्वाद है। यदि तुममें निष्ठा का अभाव है, तुम्हें निष्ठा के लिए प्रार्थना करनी होगी। परन्तु प्रार्थना के लिए निष्ठा की आवश्यकता है यह विरोधाभासी है। लोग संसार में निष्ठा रखते हैं परन्तु समस्त संसार सिर्फ साबुन का बुलबुला है। लोगों की स्वयं में निष्ठा है परन्तु वे नहीं जानते कि वे स्वयं कौन हैं! लोग सोचते है कि ईश्वर में उनकी निष्ठा है परन्तु वे सचमुच नहीं जानते कि ईश्वर कौन है। निष्ठा तीन प्रकार की होती है- पहली है स्वयं में निष्ठा- स्वयं में निष्ठा के बिना तुम सोचते हो, मैं यह नहीं कर सकता, यह मेरे लिए नहीं, मैं कभी इस जिंदगी से मुक्त नहीं हो पाऊंगा। दूसरी है संसार में निष्ठा-संसार में तुम्हें निष्ठा रखनी ही होगी वरना तुम एक इन्च भी नही बढ़ सकते। यदि तुम सब पर शक करोगे, तब तुम्हारे लिए कुछ नहीं हो सकता। तीसरे ईश्वर में निष्ठा रखो, तभी तुम विकसित होगे। ये सभी निष्ठाएं आपस में जुड़ी हैं।प्रत्येक को मजबूत होने के लिए तुममें तीनों ही होनी चाहिए। यदि तुम एक पर भी शक करोगे, तुम सब पर शक करना आरम्भ कर दोगे। ईश्वर, संसार और स्वयं के प्रति निष्ठा का अभाव भय लाता है। निष्ठा तुम्हें पूर्ण बनाती है-सम्पूर्ण संसार के प्रति निष्ठा होते हुए भी ईश्वर में निष्ठा न होने से पूर्ण शान्ति नहीं मिलती। यदि तुममें निष्ठा और प्रेम है तो स्वतः ही तुममें शांति और स्वतत्रता होगी।अत्यधिक अशान्त व्यक्तियों को समस्याओं से निकलने के लिए ईश्वर में निष्ठा रखनी चाहिए। निष्ठा और विश्वास में फर्क है।

## जंग का संकट

**सिद्धार्थ शंकर**



रूसी सेना ने यूक्रेन के युद्ध क्षेत्र में फंसे वहां के नागरिकों को निकालने के लिए चार शहरों के लिए संघर्ष विमान की घोषणा की है। रूस सेना की ओर संघर्ष विराम की घोषणा के बाद अब वहां फंसे नागरिकों को मानवीय गलियारों के जरिए बाहर निकाला जाएगा। उत्तर, दक्षिण और मध्य यूक्रेन के शहरों में रूस की लगातार जारी गोलीबारी के बीच हजारों यूक्रेनी नागरिक वहां से सुरक्षित निकलने की कोशिश में जुटे हैं। जंग के बीच नागरिकों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की कोशिश करने वाले देशों में भारत भी शामिल है। जिन चार शहरों के लिए संघर्ष विराम की घोषणा की गई है उसमें यूक्रेन की राजधानी कीव के अलावा खारकीव, मारियुपोल और सूमी शामिल हैं। रूस-यूक्रेन के बीच चल रही जंग में इस वक्त सबसे बड़ा संकट नागरिकों को युद्धग्रस्त इलाकों से सुरक्षित निकालने का है। पिछले 12 दिन से चल रही लड़ाई में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। घायलों की संख्या भी हजारों में है। राजधानी कीव, खारकीव और सूमी सहित कई दूसरे शहरों पर रूसी फौज जिस आक्रामकता से हमले कर रही है, उसमें नागरिकों को भी नहीं बख्शा जा रहा। रिहायशी इलाकों पर मिसाइलों और बमों से हमले जारी हैं। अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बंकरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में कहा जा रहा था कि अगर जल्द ही नागरिकों को सुरक्षित ठिकानों पर नहीं पहुंचाया गया तो यह युद्ध न जाने कितने लोगों को लील जाएगा। इसीलिए रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की जरूरत महसूस की जा रही थी। दोनों देशों के बीच हाल में हुई वार्ताओं में भी यह मुद्दा उठा था। उसके बाद ही शुरूआती स्तर पर कुछ-कुछ घंटे के लिए हमले रोकने पर सहमति बनी थी, ताकि इस बीच नागरिकों को निकालने की कवायद शुरू की जा सके। शनिवार को रूस ने मारियुपोल और वोल्नोवाखा शहर में सात घंटे के लिए संघर्ष विराम पर सहमति दी थी। लगातार हमलों से इन दोनों शहरों में भारी तबाही हुई है। बिजली, पानी सब बंद है। लोगों के पास खाने का सामान भी खत्म हो गया है। कड़ाके की ठंड पड़ रही है, सो अलग। ऐसे में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग किन हालात में होंगे, इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। कमोबेश यही हाल रूस के दूसरे शहरों का भी है। यूक्रेन के 15 शहरों में रूसी सैनिकों का कहर जारी है। राजधानी कीव के जो हालात सामने आ रहे हैं, उससे तो लगता है कि जल्द ही यहां रूस के सैनिकों का नियंत्रण हो जाएगा। जाहिर है, युद्धग्रस्त शहरों में अब जो नागरिक फंसे हैं, उनकी सुरक्षा चिंता का बड़ा विषय है। अब तक लाखों लोग यूक्रेन छोड़ कर पड़ोसी देशों पोलैंड, रोमानिया, हंगरी आदि में शरण ले चुके हैं। लेकिन अभी भी लाखों लोग यूक्रेन में फंसे हुए हैं। कुल मिलाकर यूक्रेन पर रूसी हमले ने दुनिया के सामने एक बार फिर बहुत बड़ा संकट पैदा कर दिया है। यूक्रेन झुकने को तैयार नहीं और रूस युद्धोन्माद में पिछले दस दिनों से बमबारी किए जा रहा है। यूक्रेन में हालात ऐसे हो गए हैं कि सब कुछ ठप पड़ा है। कई शहर वीरान हो चुके हैं। न जाने कितनी बस्तियां ध्वस्त हो चुकी हैं। अब तक कितने लोग मारे जा चुके हैं, सही-सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लोगों में भय समाया हुआ है कि अगर रूस ने किसी परमाणु संयंत्र पर बम बरसा दिया, तो न जाने कितनी तबाही मचेगी। डर यह भी है कि जंग लंबी खिंची और इसमें कुछ और ताकतवर देश शामिल हो गए तो क्या पता परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो और पूरा यूक्रेन ही तबाह हो जाए। इस भय से लोग अपना वतन छोड़ कर दूसरे देशों में शरण पाने निकल पड़े हैं। बताया जा रहा है कि अब तक करीब दस लाख लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं। दूसरे देशों के नागरिकों को वहां से निकालने की भगदड़ मची हुई है। मगर उन बेबस और लाचार लोगों का क्या, जो न तो अपना वतन छोडऩा चाहते हैं और चाहें भी तो नहीं छोड़ सकते हैं। उनके पास देश से बाहर निकलने के साधन नहीं। जिन लोगों ने बड़े जतन से पाई-पाई जोड़ कर अपने

## यूक्रेन विवाद से भारत की लोकतंत्रात्मक छवि बिगाड़ने का अंतरराष्ट्रीय एजेंडा उजागर

### सूडोकु नवताल- 6005

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**डा विश्वास चौहान**

आपको स्मरण होगा विगत मार्च 2021 में अमरीका एवम यूरोप की कुछ भारत विरोधी कथित वामपंथी ताकतों के द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडे के तहत भारत के बारे में दुष्प्रचार करते हुए कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत एक निर्वाचित निरंकुशता में बदल गया है.

दरअसल यह बात स्वीडन की वी-डेम इंस्टीट्यूट की तत्कालीन रिपोर्ट में भारत के बारे में कही गई थी . इन्ही तथ्यों के साथ यही बयान अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस ने भी कही थी, इस अमेरिकी रिपोर्ट में भारत को स्वतंत्र लोकतंत्र की श्रेणी से हटाकर आंशिक तौर पर स्वतंत्र लोकतंत्र की श्रेणी में डाल दिया गया था ।

विदित हो कि वी-डेम और फ़्रीडम हाउस दोनों ही कथित कूटनीतिक या वामपंथी शौध संस्थान हैं और उनकी रिपोर्टों पर दुनिया भर में चर्चा होती है.

इन रिपोर्ट के आधार पर भारत लोकतंत्र के बारे में पूरे विश्व मे इतना शोर मचाया गया कि भारत की ओर से इन प्रोपगण्डा रिपोर्ट पर प्रत्युत्तर में इंडिया टुडे कॉन्क्लेव के दौरान एक वार्ता में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राम माधव को सामने आकर इन दोनों रिपोर्टों पर अपनी राय को रखना पड़ा था ।

इसी तारतम्य में नई दिल्ली स्थित ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन में स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ प्रोग्राम के निदेशक प्रोफेसर हर्ष वी पंत ने भी उस समय इन रिपोर्ट्स का खण्डन करते हुए कहा था कि इन रिपोर्ट्स के विश्लेषणों में यह मानना ही होगा कि रिपोर्ट्स में शुरू से ही मोदी सरकार के बारे में एक निश्चित लक्षित नकारात्मकता है.

उसी दौरान भारत के विदेश मंत्री जयशंकर जी ने भी कहा था कि हमारी आस्थाएँ हैं, मूल्य हैं, लेकिन हम धार्मिक पुस्तक हाथ में लेकर पद की शपथ नहीं लेते, ऐसा करने वालों (यूरोप एवम अमेरिका) से भारत को सर्टिफ़िकेट लेने की ज़रूरत नहीं है.

भारतीय लोकतंत्र की आलोचना कर भारत को कटघरे में खड़ा करने वालों की पोल रूस यूक्रेन युद्ध में खुल गयी है अब भारत के लोकतंत्र को लेकर इनके प्रोपगंडे का स्वयं इन लोगों ने ही चीर हरण कर लिया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नग्न खड़े दिख रहे हैं ।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सुरक्षा परिषद में हुई वोटिंग को लेकर, पश्चिमी देशों के विश्लेषकों, समाचार पत्रों तथा राजनयिकों ने भारत की पोज़ीशन की आलोचना करते हुए अब खुद भारत को स्वतन्त्र लोकतंत्रात्मक देश बताया है ।

वैश्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण कुछ समाचार पत्रों में लिखा गया कि यूएनओ की सुरक्षा परिषद में रूस यूक्रेन विवाद पर वोट के दौरान भारत द्वाराअपने आप को अनुपस्थित रजिस्टर करना उन देशों के लिए एक चेतावनी है जो भारत को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में देखते हैं।

इनमें से कुछ विश्लेषक अमेरिका एवं यूरोप के टॉप थिंकटैंक तथा समाचारपत्रों के लिए कार्य करते हैं। कुछ राजनयिक शक्तिशाली देशों के राजदूत रह चुके हैं या अभी भी राजदूत के रूप में कार्य कर रहे हैं।

एक नाम का विशेष उल्लेख है ये हैं , श्रीमान रिचर्ड हास - जो सर्वाधिक प्रभावशाली अमरीकी थिंकटैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के पिछले लगभग 20 वर्ष से अध्यक्ष हैं - इनकी आलोचना, या धमकी कहिए, कि एक लोकतंत्रात्मक देश होने के नाते भारत एक प्रमुख शक्ति राष्ट्र या एक भरोसेमंद भागीदार बनने के लिए तैयार नहीं है जो चीन के उदय को देखते हुए एक निराशाजनक और अदूरदर्शी कदम है।

अब रिचर्ड हास सहित स्वीडन के वी-डेम और अमरीकी फ़्रीडम हाउस की भारतीय लोकतंत्र के बारे में अनाप शनाप लिखने वालों से एक भारतीय होने के नाते हमारे कुछ प्रश्न हैं , जिनका जवाब भारत के नागरिकों को इनसे पूछना ही चाहिए ।

पहला प्रश्न ये है कि पिछले कुछ माह पहले तक यही विश्लेषक भारत के लोकतंत्र की आलोचना कर रहे थे। कुछ ने तो यहाँ तक लिख दिया कि भारत अब लोकतांत्रिक देश रहा ही नहीं। वही लोग अब भारत के लोकतंत्र की दुहाई क्यों दे रहे हैं ? दूसरा प्रश्न यह है कि आम भारतीय यह समझ रहा है कि भारत की आलोचना या समर्थन से रूस-यूक्रेन विवाद में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। फिर अमेरिका तथा युरोप भारत विरोधी ताकतें भारत की पोजीशन के लेकर इतने व्यथित क्यों हैं? तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिरकार सुरक्षा परिषद में एशिया के सभी तीन सदस्य देशो - भारत, चीन, एवं ,श्व - ने भी वोट के समय अपने आप को अनुपस्थित रजिस्टर कराया।

लेकिन इन्ही महानुभावों ने चीन एवं ,श्व को लेकर कोई आलोचना अभी तक क्यों नहीं की है ।

## चुनावों के अंदाजी घोड़े

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पांच राज्यों में संपन्न हुए चुनाव परिणामों के पहले अभी चर्चा 'एक्जिट पोल' पर गर्मा गई है। कई संगठनों ने अपने-अपने ढंग से यह जानने की कोशिश की है कि किस पार्टी को किस राज्य में कितनी सीटें मिलेंगी। लगभग सभी संगठन अपने-अपने ढंग से अपने अंदाजी घोड़े दौड़ाते है। वोट डालकर बाहर आनेवाले हर मतदाता से यह पूछना तो असंभव होता है कि उसने वोट किसको दिया है। इसीलिए करोड़ों मतदाताओं के वोटों का अंदाजा कुछ हजार लोगों से पूछकर लगाया जाता है। यहां इस अंदाजे में एक पेंच और भी है। वह यह कि सभी वोटर सच-सच क्यों बताएंगे कि उन्होंने अपना वोट किसको दिया है। इसीलिए इन सब 'एक्जिट पोल' को मैं अंदाजी घोड़े ही मानकर चलता हूं। इस बार पांच राज्यों में से चार में भाजपा के आने की संभावनाएं बताई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में! पंजाब में आप पार्टी की जलवा दिखाई देगा, ऐसा ये एक्जिट पोल कह रहे हैं। इस तरह की परिणाम-पूर्व घोषणाएं या अनुमान कई बार गलत साबित हो चुके हैं और कई बार वे सही भी निकल आते हैं। अफवाह यह भी है कि पार्टियां ऐसी घोषणाएं योजनाबद्ध ढंग से भी करवाती हैं। जो भी हो, यदि उक्त अंदाज ठीक निकला तो भाजपा को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि इस पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा नेता काफी घबराए हुए से लग रहे थे। उत्तरप्रदेश की जनसभाओं में सपा के नेता अखिलेश यादव के आगे भाजपा और कांग्रेस के नेता फीके-फीके दिखाई पड़ते रहे। मायावती की तो इस बार सारे प्रचारतंत्र ने लगभग उपेक्षा ही कर डाली। उ.प्र. के चुनाव का महत्व शेष राज्यों के सम्मिलित चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह अगले आम चुनाव का पूर्व-राग उपस्थित करेगा। पंजाब में यदि आप पार्टी की सरकार बन जाती है तो यह भारतीय राजनीति का अजूबा होगा। वह न केवल भाजपा को 2024 के चुनावों में टक्कर देने के लिए कई राज्यों में खम ठोकेगी बल्कि उसके विरुद्ध विपक्षियों का एक अखिल भारतीय गठबंधन भी खड़ा कर सकती है। यह तो संतोष का विषय है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में हिंसा और धांधली की गंभीर घटनाएं नहीं हुई लेकिन मतदान का प्रतिशत भी ज्यादा बढ़ा नहीं। भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय यह भी है कि इन चुनावों में जातिवाद और सांप्रदायिकता का बोलबाला रहा। लोकहित के असली मुद्दे हाशिए में चले गए। सभी पार्टियों ने वोट कबाड़ने के लिए मतदाताओं को चूसनियां बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# सृष्टि को आकार देकर साकार करती है नारीः राजौरिया



## जन शिक्षण संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**भिण्ड।** जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले में स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों के माध्यम से आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बनी महिलाओ का सम्मान किया गया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा उपस्थित महिलओं को संबोधित करते हुये कहा गया कि ''सृष्टि को आकार देकर साकार करती है नारी'' धार्मिक ग्रंथो में भी कहा गया है कि जहॉ नारी की पूजा होती है बहॉ देवताओ का वास होता है।

श्री राजौरिया ने कहा कि नारी तू नारायणी है, नारी समाज को आकार देने के लिए मॉ, बहिन, पुत्री, पत्नी आदि भूमिकाओ में सम्माननीय है, हमें नारी को समान अवसर देना चाहिए। बर्तमान समय में सेना, पुलिस, सार्वजनिक सेवा, न्यायिक सेवा, सिविल सेवा, राजकाज, विधानसभा, लोकसभा व राज्यसभा में महिलाओ की उपस्थित सराहनीय है। हालांकि प्रतिशत कम है फिर भी समय के साथ-साथ भमिका में बृद्धि हो रही है और आत्मनिर्भर भारत बनने में महिलाओ की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि सही मायने में महिलाओं का सम्मान तभी होगा, जब इस पुरूष प्रधान समाज में लोगो की सोच बदलेगी व महिलाओं को आगे बढने के समान अवसर मिलेगे। इस अवसर पर स्व-सहायता समूह की ट्रेनर श्रीमती रेखा शुक्ला द्वारा उपस्थित लाभार्थियो को स्वसहायता समूह निर्माण व संचालन सबंधी जानकारी दी गयी व रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया गया। उपस्थित महिलाओ द्वारा जानकारी भी चाही गयी जिसे ट्रेनर द्वारा विस्तार से बताया गया। आयोजन में निदेशक संजय राजौरिया द्वारा सभी उपस्थित महिलाओ का सम्मान किया गया व प्रशिक्षण प्राप्त कुशल लाभार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया, कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे, मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, अमित शर्मा, अजय सिहं कुशवाह, जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, प्रशिक्षक श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, अख्तरी बेगम, सविता श्रीवास, मधू, दिनेश राजपूत शैलेन्द्र सिंह, मुकेश तिवारी, श्रीमती रामजानकी, व महिला लाभार्थी उपस्थित रहे।

## आचार्य आनंद टीम ने दिव्यांग महिलाओं को साड़ी और उपहार किए भेंट

### नारी सशक्तीकरण और सम्मान सप्ताह का किया शुभारंभ




**अम्बाह।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की पहल पर आचार्य आनंद टीम द्वारा संजीवनी के सहयोग से नारी सशक्तीकरण और सम्मान सप्ताह के शुभारंभ पर दिव्यांग महिलाओं को साड़ी, टिफिन, खाद्य सामग्री भेंट की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांग श्रीमती वंदना तोमर ने की। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा और विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा भारतीय के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई एवं आनंद विभाग के जिला समन्वयक बालकृष्ण शर्मा, दिव्यांग श्रीमती प्रिया, श्रीमती रोमा ज्योति और संयोजक डॉ सुधीर आचार्य मंचासीन थे। आयोजन की जानकारी देते हुए आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न अधिकारों की जानकारी और जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम होने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान देने वाली और कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन आचार्य आनंद क्लब के उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह तोमर ने किया।

## कुलश्रेष्ठ जन परिषद मुरैना के अध्यक्ष नियुक्त



**मुरैना।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जनपरिषद के पद्मश्री श्रीमती सुनील डबास एवं वरिष्ठ पत्रकार अवधेश पुरोहित की अनुशंसा पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने दिनेश कुलश्रेष्ठ को मुरैना का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। विदित हो कि दिनेश कुलश्रेष्ठ पूर्व में बाल कल्याण समिति सदस्य, जेल संदर्शक, शासकीय पोलीटेक्निक कालेज मुरैना एवं महिला पोलीटेक्निक ग्वालियर के जनभागीदारी समिति के सदस्य सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे है। ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 32 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर आठ अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 150 एवं विदेशों में 5 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है दिनेश कुलश्रेष्ठ के मनोनयन पर गणमान्य नागरिकों एवं समाजसवियों ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

## 13 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** 13 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के मामले में स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) मुरैना के न्यायालय ने आरोपी विवेक नागर पुत्र श्री दिलीप नागर, उम्र- 21 वर्ष, निवासी थाना माताबसैया मुरैना जिला मुरैना को पोक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) में दोषी पाते हुये 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 15,000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया ने की। सहायक मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि दिनांक 07 नवम्बर 2019 को शाम के समय लगभग 05:30 बजे बालक उम्र 13 वर्ष किसी दुकान पर खडा था, उसी समय वहां पर आरोपी विवेक नट आया और बालक से बोला कि चलो बाजरा लेने चलते हैं। फिर आरोपी मोटरसाईकिल पर बालक को बैठाकर रसीलपुर की पुलिया पर ले गया।

## सांसद नेत्र शिविर में बड़ी संख्या में आए मरीज, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मुरैना रवाना





अम्बाह। केंद्रीय मंत्री व सांसद नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर इफको व्दारा मंगलवार को सरकारी अस्पताल अम्बाह में एक दिवसीय मेगा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में मरीजों के खाने पीने व आने–जाने की मुफ्त व्यवस्था की गई। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेताओं एवं मरीजों की मौजूदगी में पूर्व विधायक शिव मंगल सिंह तोमर व्दारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर नगर अध्यक्ष कल्ला शर्मा द्वारा प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मरीज नेत्र परीक्षण के लिए आए कानपुर से आए चिकित्सकों के दल ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उपचार बताया। इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा लगभग 1000 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं 100 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों की बस को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर एवं स्थानीय भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर मुरैना के लिए रवाना किया, जहाँ उनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन मुफ्त में होगा। साथ ही उत्तम और गुणवत्तापूर्ण, चश्मा का वितरण किया जाएगा। ज्ञात रहे कि नेत्र शिविर में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से लोग आए। इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीम गठित की गई थी, जिनके द्वारा समस्त व्यवस्थाएं देखी गई। शिविर का उद्घाटन दिमनी विधायक शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष कल्ला शर्मा, शिविर प्रभारी बच्चू लाल गुप्ता, प्यारे सिंह तोमर, जिनेश जैन, गणेश सिंह तोमर, खुशीलाल श्रीवास, कविंद्र सिंह तोमर, उमेश जैन, श्रीमती कंचन चौहान, साधू सिंह राठौर, सुरेंद्र तोमर कक्का, खेम सिंह भदौरिया, राजू तोमर, श्रीमती किशोरी गुप्ता, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय गुप्ता, योगेंद्र चौहान, गिर्राज तिवारी, रामविलास कुशवाह, बंटू तोमर, गोलू भदोरिया, दीवान राठौर, अशोक कपासिया, बल्ली तोमर, राहुल जैन, अजय भदोरिया, दीपू भदौरिया, पिंकी तोमर, अनूप तोमर, अजीत तोमर, भूरा तोमर, मयंक गुप्ता, नूतन श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मयूरवन आनंद क्लब ने किया महिलाओं का सम्मान



**मुरैना ।** राज्य आनंद संस्थान से सम्बद्ध मयूरवन आनंद क्लब मुरैना ने सरोजनी विद्या निकेतन में महिला सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महारानी लक्ष्मीबाई एवं भारतरत्न लता मंगेशकर के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर नगर की विख्यात कवियत्री संध्या सुरभि एवं ललिता दीक्षित का सम्मान किया गया। इसके अलावा उपासना दुबे, रागिनी परमार, पूजा सिकरवार, सीमा शर्मा, राधा तोमर सहित अन्य महिला शिक्षको का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संध्या सुरभि ने अपनी कविता बेटियां राग हैं गीत हैं बेटियां, ललिता दीक्षित ने परी हैं बेटियां मैं निभाती चली गई, क्लब के संस्थापक एवं साहित्यिक मणीन्द्र कौशिक ने अपनी कविता नारी तू नारायणी, क्लब की उपसचिव नीतू भारद्वाज ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य एवं जिला सम्पर्क व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में क्लब के सचिव दीपक भोला ने राज्य आनंद संस्थान एवं मयूरवन आनंद क्लब के परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संचालन क्लब अध्यक्षा डॉ.क्षमा कौशिक ने किया। उस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष सुजाता तोमर, महासचिव सरिता उपाध्याय एवं कृष्णवीर सिंह तोमर, उप सचिव राकेश सिंह तोमर, वरिष्ठ आनंदम सहयोगी अरविन्द मावई, देव गुर्जर, दुष्यन्त तोमर, वरिष्ठ आनंदक आभा मिश्रा, सपना गॉंगिल, रीना जादोन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## यह कैसा महिला दिवसः जनता को परेशान कर महिला पुलिस ने काटे चालान




**मुरैना।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस महकमें में पदस्थ महिला अधिकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए तमाम कार्यक्रम किए गए, लेकिन वहीं इसके विपरीत महिला पुलिस द्वारा बेवजह चेकिंग पॉइंट बनाकर सभी प्रकार के वाहनों को रोककर अपनी ताकत दिखाई गई, जिसको लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश दिखाई दिया। कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि महिला दिवस मनाने का यह कौन सा तरीका है। गौरतलब है कि कोतवाली के सामने एमएस रोड पर पुलिस द्वारा प्रतिदिन वाहन चेकिंग की जाती है और शहर के आम जन को प्रतिदिन पुलिस कि कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को महिला दिवस पर कुछ देर पहले तक महिला अधिकारी एवं कर्मचारी मात्र फोटो सेशन कर बतिया रहे थे और कुछ ही देर में वाहन चेकिंग का प्लान भी बन गया तथा इसके बाद लोगों के वाहनों का चालान भी काटा गया। महिला पुलिस की इस कार्यवाही में एमएस रोड से जो भी आम नागरिक, समाजसेवी, नेता आदि गुजरा उनको चालानी कार्रवाई से गुजरना पड़ा।

### महिला पुलिस ने किया योगाभ्यास

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी एवं अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में मंगलवार को महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए उप पुलिस अधीक्षक प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में योगा कार्यक्रम का आयोजन परेड ग्राउंड में किया गया, जिसमें निधि मंगल योगा ट्रेनर द्वारा महिला कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया।

## रोटरी चम्बल ने सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं का किया सम्मान



**मुरैना।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चम्बल द्वारा उन 6 महिलाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने मुरैना शहर के विकास एवं महिला उत्थान में अग्रणी भमिका निभाई है। मुरैना में महिला उत्थान एवं नारी सशक्तीकरण के कार्य मे अग्रणी भूमिका निभाने वाली कृष्णा दीदी का सम्मान शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया, इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न संस्थाओं में कार्य कर रही श्रीमती मीना गुप्ता का सम्मान किया।

रोटरी की टीम ने मुरैना एवं चम्बल के नाम को पूरे विश्व भर में सम्मान दिलाने वाली मुरैना की बेटी कु. ईशा सिंह का सम्मान किया। इसके अलावा मुरैना शहर में अलग-अलग संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहकर महिलाओं एवं शहर के विकास में कार्यरत श्रीमती भावना जैन व रक्तदान एवं रोटी बैंक के द्वारा मानव सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाली समाजसेविका श्रीमती हेमा अग्रवाल का सम्मान किया। इसी क्रम में योग प्रशिक्षक के तौर पर बर्षो से निःशुल्क योग की ट्रेनिंग देने के लिए श्रीमती शारदा अखिलेश कंसाना का सम्मान किया। इस अवसर रोटरी के पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि मुरैना में नारीशक्ति का सम्मान करते हुए रोटरी क्लब चम्बल परिवार बहुत गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि मुरैना में महिला शक्ति हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर सक्रियता से समाज सेवा कर रही हैं, हम ऐसी मातृशक्ति का सम्मान करते है और सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाईया देते है। सम्मान कार्यक्रम में रोटरी क्लब चम्बल की ओर से आनंद गुप्ता (अध्यक्ष), आकाश चांदिल (सचिव), नीरज बांदिल (कोषाध्यक्ष), रामकुमार बंसल, अभय परमार, सम्भाजी राव सालुंके, डॉ अमरीश शर्मा, रोहित बंसल, आशीष डंडोतिया, नवल सागर, जुगल वर्मा, सुशील मंगल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति का आत्मनिर्भर होना ही महिला दिवस की प्राथमिकता- विभा अवस्थी

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर–** भारतीय रेल बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार की सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी ने महिला सम्मेलन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2022 का ध्येय पूर्वाग्रहों को तोड़ना। हम सभी यह जानते हैं कि समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों को तोड़े बगैर एक समतामूलक, समावेशी और न्यायसंगत समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। इसके लिए हम एक पूर्वाग्रह, रूढ़िवादिता और भेदभाव से मुक्त दुनिया की कल्पना करना चाहते हैं, जहां समानता एक जीवन मूल्य के रूप में समाज को निर्देशित करे। एवं सशक्त भारत का निर्माण करें। वैश्विक आर्थिक सुधारों के बावजूद लगभग 60 प्रतिशत महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर हैं दुनिया में स्त्रियों के संघर्ष, उनके मानवीय मूल्यों और आदर्शों के प्रति समर्पण को वैश्विक स्तर पर अनुकरणीय बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। वस्तुतः यह महिलाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्स है। ऐतिहासिक सन्दर्भों में महिला दिवस को उन्हें की शुरुआत औद्योगिक क्रान्ति के साथ जुडी हुई है जहां दुनिया के उद्योगों के विकास ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वतंत्र करने के बजाए नई आर्थिक संरचनाओं में जकड़ना शुरू किया। वर्ष 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विटजरलैंड में 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। रूस ने वर्ष 1930 और 1940 के बीच 23 फरवरी को यह दिन मनाया। संयुक्त राष्ट्र ने अपना पहला आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया, जिसे सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को कुछ देशों में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर मनाया जाता है।




## अगर नारी का सम्मान ना कर सके तो उसका अपमान भी मत करना।

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजलि टुडे**


**शिवपुरी ।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा दिनारा मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शाखा मै आई सभी महिला ग्राहकों को शाखा प्रबंधक श्री अजीत सिंह यादव जी एवं समस्त स्ताफ द्वारा मिठाई वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला ग्राहक मुख्य रूप से श्रीमती लीला सक्सेना, कल्पना शर्मा, संगीत मरावी, कीर्ति गौतम इत्यादि महिला सम्मानित की गयी।भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। भारत में महिला को देवी के समान माना जाता है। संस्कृत में एक श्लोक है- 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता−। यानि कि जहाँ नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। इस बात में कोई शक नहीं एक महिला किसी से कम नहीं है। ऐसा कोई काम नहीं है जो आज की महिलाएं न कर पाएं। औरत का इस दुनिया में मान है औरत एक बहन है एक बेटी है, एक पत्नी है औरत के बिना यह जहांन कुछ भी नहीं है। घर की मर्यादा हो, प्रेमपूर्ण वादा हो। प्रेम के सान्निध्य में, खुशी का इरादा हो।



## पूर्ण बहुमत की सरकार योगी सरकार

**पुष्पांजली टुडे**

उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2022 का चुनाव संपन्न 07-03-2022 को पूर्ण हो गये।उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2022 के परिणाम भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दल के पक्ष में आयेगे ब्रह्मपूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी ।श्री योगी जी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बनेंगे। साथ ही साथ गोवा,मणिपुर व उत्तराखंड में। BJP की सरकार बनेगी।तथा पंजाब में मिली-जुली सरकार बनेगी जो सनातन को मानने वाली सरकार बनेगी।



Dr.Anand Diwan PhD Astrology International Astrologer and Motivation speaker.

## यूक्रेन से बेटे की वतन वापसी पर परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर।



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

**एटा।** जेल रोड निवासी अभिषेक कुशवाहा पुत्र गंगा सिंह कुशवाह ने कल मंगलबार सुबह 3−00 बजे वतन वापसी की अभिषेक कुशवाहा यूक्रेन दैन्यपोर से अपनी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं वहां उनकी तीसरी साल है अभिषेक ने बताया कि वहां के हालात बहुत खराब है खाने पीने का सामान भी नहीं मिल पा रहा है दैन्यपोर से उन्हें रोमानिया बॉर्डर तक आने में बस से 27 घंटे लगे उसके बाद बॉर्डर पर समय गुजारा फ्लाइट मिलने पर दिल्ली एयरपोर्ट वापसी हुई और एटा आये। सरकार को धन्यवाद कहा कि सरकार की वजह से हम अपने घर वापस आ सके और अपने मां बाप से मिल पाए।

## पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा महिला पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित किया सर्वाइकल कैंसर का बेवीनार

### इन्दौर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 खुजेमा फर्नीचर वाला ने सर्वाइकल कैंसर के संबंध में प्रदाय की महत्वपूर्ण जानकारी

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** 08 मार्च 2022 को पुलिस अधीक्षक पन्ना के विशेष आग्रह पर इंन्दौर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 खुजेमा फर्नीचर वाला ने बेवीनार के माध्यम से पन्ना पुलिस के महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को सर्वाइकल कैंसर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा यह भी बताया कि 09 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक की बालिकाओं एवं महिलाओं को इसका वैक्सीन लगाया जाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सकता है। साथ ही सर्वाइकल कैंसरके संबंध में आवश्यक परीक्षण एवं लक्षण से भी अवगत करवाया इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक पन्ना के द्वारा पुलिस की महिला अधिकारियों/कर्मचारियों, गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तायाबी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी/कर्मचारी तथा महिला अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को भी प्रशस्ति पत्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।




## मंदिर निर्माण के लिए एम.अमचंद ने 51हजार रूपये की राशि स्वामी तेजानंद महाराज को सुपुर्द किये



**पुष्पाजंली टुडे**

**चैन्नई –** सोमवार तारीख 7मार्च 2022 सुबह 10बजे एम. अमरचन्द गोत्मचन्द बरोला जैन, सिगंपेरुमालकोइल ने अपने परिवार कि तरफ सु पेरीयपालीयम मे श्री लिलडीया भेरुजी श्री आईमाताजी आश्रम के लिए भूमि खरीदने के लिए 51 हजार रुपये की राशि स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया। इस कार्यक्रम में एम. गोत्मचन्द जैन के पुत्र सुमित जैन तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन गुडवानचेरी ऐरीया प्रभारी विमलकुमार सीरवी मौजूद थे ।इस महान योगदान के लिए एम.अमरचन्द जैन एम. गोत्मचन्द जैन वह उनके पुरे परिवार को तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने आभार वह हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं दी ।

## गुड सेमेरिटन योजना को लेकर पलेरा पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़ ।** जिले के थाना पलेरा में पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक पलेरा पुलिस द्वारा पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया एवं पुलिस द्वारा अनेकों जगह खड़े होकर आम जनता को इस योजना की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत लोगों को किया जागरूक इस योजना में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में अस्पताल या ट्रामा सेंटर ले जाने वाले गुड सेमी रिटर्न को नगद पुरस्कार राशि एवं प्रशिसित पत्र एवं प्रोत्साहित करेंगे ताकि आम जनता इससे प्रेरित होकर मोटरयान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की जान बचाने में सामने आए ताकि सड़क सुरक्षा में दुर्घटना में मृत्यु दर में कमी ला सकें गुड सेमेरिटन योजना का उद्देश्य यह योजना मोटरयान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ओवर देना ? अर्थात दुर्घटना में होने वाले 1 घंटे में के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अस्पताल / ट्रामा सेंटर तक ले जाने वाले आम जनता को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा देना है अथवा इस योजना में जो व्यक्ति तत्परता से पहुंचा कर जान बचाता है वे सभी व्यक्ति इस अवार्ड व प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होंगे



**पलेरा थाना प्रभारी मुकेश शाक्य द्वारा**

**जानकारी देते हुए बताया गया है कि**

यह गुड सेमेरिटन योजना सरकार ने चालू की हुई है इस योजना के अंतर्गत मोटरयान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की जो व्यक्ति जान बचाता है तो उन्हें ?5000 नगद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

## गोरमी मंडल में बीजेपी युवा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विक्रम सिंह कुशवाहा एवं किसान मोर्चा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय देपुरिया जी का किया गया जोरदार स्वागत।

**संतोष सिंह भदौरिया दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की कार्यकर्ता बैठक नगर के थाना रोड स्थित राजीव यादव के मैरिज गार्डन आरके मंडपम में आयोजित की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष जिला अध्यक्ष विजय देपुरिया एवं युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे विशेष अतिथि के रूप में अक्षय सिंह भदौरिया सुरेन्द जैन डॉ भारत सिंह भदौरिया ब्रह्मदेव यादव संतोष भदौरिया मसूरी उमेश भदौरिया नीरज यादव राजकिशोर भदौरिया पटेल यादव सतेंद्र भदौरिया उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया स्वा स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने दिया एवं अतिथियों का शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय देपुरिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मिशन 2023 की तैयारी में पूरी ताकत से जुड़ जाएं गांव-गांव घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा ने कहा की युवा कार्यकर्ता देश का भविष्य होता है इसलिए हम सबको इस बार अपनी शक्ति का एहसास कराना है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के लिए कई कल्याणकारी नीतियां लेकर आए हैं देश का युवा आज मोदी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हड्डी है इस लिये युवा ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जुड़े।बैठक से पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह का युवाओं मुख्य रूप से उज्जवल कटारे, संतोष सिंह भदोरिया, दिनेश यादव मोनू शर्मा एवम अन्य मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नगर में माला बाइक रैली डोल धमाकों के साथ स्वागत किया। बैठक का सफल संचालन निर्मल आर्य एबम आभार प्रगट युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीरज यादव ने किया बैठक में मुख्य रूप से ओमकार यादव ,मुकेश यादव ,विजय कुशवाह ,संतोष भदौरिया, दिनेश यादव ,उज्ज्वल कटारे ,मोनू शर्मा ,नाथू पटेल बल्लू पांडे, सोनू भदौरिया ,बीटू यादव, भानु यादव ,मोनू यादव ,रवि सोनी ,राहुल यादव राहुल थोकदार, मोनू जैन ,आदेश शर्मा ,रज्जन सिंह भदौरिया ,अरविंद जैन ,राहुल कटारे ,भानु नरवरिया, राजेश पंडित, रणवीर परमार,राय सिंह जाटव ,रविंद यादव ,अरविंद थापक ,सामन्त यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे बैठक का समापन होने के बाद संतोष सिंह भदोरिया द्वारा निजी निवास ग्राम कुटरोली में ज़ोरदार स्वागत सम्मान किया गया साथ साथ भोजन दाल टिक्कर चूरमा लड्डू की व्यवस्था भी की गई जिसमें सभी आए सभी मुख्य अतिथि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा किया गया महिलाओं का सम्मान

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा महिलाओं का किया गया सम्मान साथ ही गरीब महिलाओं को किया सम्मानित जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी ने महिलाओं को जागरूक किया साथ ही महिलाओं के लिए एक नया कार्य करने के लिए स्वयं कार्य करने का किया वादा आज नगर पिछोर में बड़ी ही धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं में काफी उत्साह है देखा साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा गरीब असहाय लोगों के लिए हमेशा कदम बढ़ाए जाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अपने विचार रखें और महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी ने सभी महिलाओं को आश्वासन दिया कि हम सभी को साथ साथ मिलकर चलना है और आगे बढ़ना है कोई भी महिला अपने आप को कमजोर ना समझे सब एक मिल होकर आगे बढ़ते रहें कार्यक्रम में महिलाओं को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी द्वारा सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया इस अवसर पर नगर पिछोर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में हिस्सा लिया



## ग्राम सभाओं के लिए एजेंडा निर्धारित

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होने वाली ग्राम सभा की बैठक के एजेण्डा में प्रथमतः नियमित स्थाई बिन्दु एवं तत्पश्चात राज्य और राष्ट्रीय प्राथमिकता के बिन्दु सम्मिलित किये जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज ने बताया कि नियमित एजेण्डा में पूर्व बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि, अनुमोदन तथा उसका पालन प्रतिवेदन सम्मिलित होगा। इसमें आय - व्यय की समीक्षा, अंकेक्षण एवं सामाजिक संपरीक्षा प्रतिवेदन की समीक्षा, सिटिजन चार्टर के क्रियान्वयन की समीक्षा, विशेष रूप से सेवा प्रदान प्रणाली की गुणवत्ता, अधोसंरचना निर्माण कार्यों का चयन, स्वीकृति एवं प्रगति का अनुश्रवण, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का चयन आदि बिन्दु लिये जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बाल हितैषी एवं महिला सशक्तिकरण विजन पर चर्चा होगी। ग्राम की महिलाओं एवं किशोरियों में रक्त की जांच द्वारा एनीमिया का आंकलन पर चर्चा, महिलाओं के मध्य स्वच्छता सभा के आयोजन पर चर्चा। शुद्ध पेयजल की नियमित उपलब्धता तथा नल - जल योजना के रख - रखाव की व्यवस्था संबंधी चर्चा। स्कूलों एवं आँगनबाडी केन्द्रों पर सुरक्षित जल के उपयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा। बेटी बचाओ, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा शासन की विभिन्न जलकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर ( आरोग्यम ) में प्रदाय की सेवाओं एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा होगी। ग्राम सभा में ग्राम गौरव दिवस के आयोजन की तिथि निर्धारण पर चर्चा होगी। कोविड -19 के बचाओं हेतु समस्त सावधानियों का अनुसरण पर चर्चा एवं कोविड 19 के तहत शासन स्तर से जारी निर्देशानुसार प्रभावी कार्यवाही करना। अन्य विषय प्रधान की अनुमति से उठाये जाएंगे। ग्राम सभा की विडियोग्राफी भले ही वह मोबाईल रिकार्डिंग के माध्यम से हो सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम सभा के आयोजन में कोविड महामारी की रोकथाम संबंधी मार्ग ङ्क दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

### रिपब्लिक-डे कैंप से लौटे एनसीसी कैडेट्स का हुआ सम्मान

**भोपाल।** नई दिल्ली में रिपब्लिक डे कैंप 2022 में भोपाल ग्रुप का नाम रोशन कर लौटे, कैडेट्स का एनसीसी मुख्यालय में सम्मान किया गया। एवीएसएम, पीवीएसएम, वायएसएम (रिटायर्ड) लेफ्टिनेंट जनरल मिलन नायडू ने सभी 16 कैडेट्स को मेडल और पुरस्कार देकर गौरवान्वित किया। उन्होंने डीजीएनसीसी प्रशस्ती-पत्र से सम्मानित 3 कैडेट्स को भी प्रोत्साहित किया। लेफ्टिनेंट जनरल नायडू ने एनसीसी कैडेट के रूप मे अपने अनुभव कैडेट्स के साथ साझा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने एनसीसी एलुमनी एसोसिएशन के गठन को एक बड़ा ही महत्व पूर्ण कदम बताया। लेफ्टिनेंट जनरल नायडू एनसीसी के नेवल विंग के भूतपूर्व कैडेट रहे है। डीजीएनसीसी के तरफ से ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप भोपाल ब्रिगेडियर संजोए घोष ने लेफ्टिनेंट जनरल नायडू को एनसीसी एलुमनी एसोसिएशन सदस्यता का पत्र दिया।

### असंगठित श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर कराएं पंजीयन

**भोपाल।** श्रम मंत्रालय द्वारा संचालित ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन किये जा रहे है। जिले के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनमें संबल योजना के पंजीकृत श्रमिक, भवन तथा अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल प्रारंभ किया गया है। सभी पंजीकृत श्रमिक अपने नजदीकी केन्द्रों पर जाकर 31 मार्च तक पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्रों द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है।

# गोद गांव में मनाया एन सी सी केडेट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**केशब पंडित पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर परअम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर विंग की छात्रा कैडेट्स ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव खदरा - खजूरी में महिला जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

छात्रा कैडेट्स ने महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया । इस नाटक के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए किस प्रकार प्रयास करने चाहिए का संदेश दिया गया । इस अवसर पर 30 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुमित पंत ने छात्रा कैडेट्स एवं ग्रामीण महिलाओं को संदेश देते हुए कहा,आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं । वह शिक्षा चिकित्सा प्रशासन और अब सेना में भी उच्च पदों तक पहुंच रही हैं । हम सब का कर्तव्य है कि घर की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करने की चर्चा करते हुए कहा कि भारत तब तक सशक्त नहीं होगा जब तक भारत की महिलाएं सशक्त नहीं हो जातीं। कार्यक्रम में मेजर डॉ व्ही. के. जैन कैप्टन मनोज शर्मा लेफ्टिनेंट प्रोफेसर मंजू तोमर तोमर सहित बड़ी संख्या में गोद लिए हुए गांव की महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे । इससे पूर्व समस्त एनसीसी कैडेट महाविद्यालय में एकत्रित हुए और महाविद्यालय में भी नुक्कड़ नाटक के मंचन द्वारा महाविद्यालय विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया तत्पश्चात रैली के रूप में एकत्रित हुये।इस अवसर पर अंबाह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने समस्त एनसीसी कैडेट तथा एनसीसी अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अम्बाह शहर के मुख्य मार्गों पर महिला सशक्तिकरण का संदेश देती हुई पहुंची इस रैली का निर्देशन एनसीसी अधिकारी मेजर वीके जैन ,कैप्टन मनोज शर्मा, लेफ्टिनेंट मंजू तोमर कर रहे थे।

## पन्ना पुलिस ने प्रारंभ किया महिलाओ के प्रति जागरुकता रथ



**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** सौम्या मिश्रा एवं रक्षित निरीक्षक श्रीमति देविका सिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ 08 मार्च 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशानुसार महिलाओ के अधिकारो के प्रति आम जनता को जागरुक करने, लैगिंग समानता की भावना को बढ़ावा देने, महिलाओ के प्रति भेदभाव को कम करने, समाज में महिलाओ के प्रगतिशील विचारो का सम्मान करने, महिलाओ के प्रति होने वाले अपराधो मे कमी लाने, महिलाओ एवं बालिकाओ के प्रति समाज में सम्मान को बढ़वा देने आदि के उद्देश्य से वर्ष 2022 के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ÷जेंडर इक्वेलिटी टू डे फॉर सस्टेनेबल टूमारो÷ के अनुसार यह जागरुकता रथ कार्य करेगा । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना, जिला कलेक्टर पन्ना, एस0डी0एम0 पन्ना, प्रभारी थाना कोतवाली, प्रभारी महिला थाना सहित अनेक अधिकारी/कर्मचारी, गणमान्य नागरिक अस्पताल चौक पर मौजूद रहे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढाने की भी अपील की।

## 6 वर्षीय बालिका को पुलिस द्वारा सकुशल उसके घर पहुंचा कर किया परिजनों के सुपुर्द

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

एटा कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत हाईवे बाईपास पर गश्त के दौरान थाना कोतवाली देहात पुलिस को एक बालिका उम्र करीब 6 वर्ष, लावारिस हालत में घूमती हुई मिली। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री जगदीश चंद्र द्वारा बालिका को सांत्वना देते हुए प्यार से पूछताछ की गई तो बालिका ने अपना नाम कुमारी काव्य पुत्री दिनेश निवासी अज्ञात बताया,बालिका द्वारा बताया गया कि वह अपनी दादी के पास रहती थी,पर मेरी मां मुझको दादी के पास से



अपने साथ ले आई है,मुझको अपनी दादी के पास जाना है।और अधिक पूछने पर बालिका द्वारा बताया गया की उसकी दादी के घर के पास एक धर्मशाला है और मंदिर पर दो शेर बने हुए हैं, इस आधार पर थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा बालिका के साथ शहर में जगह जगह घूम कर परिजनों को तलाश किया गया। करीब 3 घंटे बाद माया पैलेस चौराहे पर पहुंचने पर दुर्गा मंदिर पर बने दो शेर देखकर काव्या द्वारा बताया की मेरे घर का रास्ता यहीं से जाता है निधौली रोड पर स्थित गली में बच्ची के बताए अनुसार वीरांगना अवंती बाई धर्मशाला के पास बने श्री टीटू गुप्ता पुत्र नंदू राम गुप्ता के मकान में उसकी दादी श्रीमती ईश्वर देवी देवी पत्नी रमेश अपने 03 बेटो सहित करीब 8 साल से किराए पर रहती है। कुमारी काव्या के पिता व मां श्रीमती रेखा देवी करीब 15 दिन पूर्व किराए का मकान खाली चौथा मिल से आगे किराए पर रह रहे हैं।थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा कुमारी काव्या को टॉफी बिस्कुट,चॉकलेट,चिप्स के पैकेट देकर कर सकुशल उसकी दादी मां ईश्वर देवी एवं उसके ताऊ मुकेश पुत्र रमेश चंद के सकुशल सुपुर्द किया। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा किए गए इस कार्य की आमजन द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई है।

## मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने मातृशक्ति के सपनों को किया है साकार -अंचल मिश्रा

**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया श्रीमती अंचल मिश्रा ने एक सैकड़ा छात्राओं को सिलाई मशीनें की वितरण मंगलवार को श्रीमती अंचल सुकर्ण मिश्रा सुबह 10ः00 बजे राजघाट कॉलोनी निवास पर पहुंची जहाँ निवास पर उपस्थित माता बहनों से मुलाकात की इसके पश्चात श्रीमती अंचल मिश्रा वृंदावन धाम पहुंची जहां पर महिला मोर्चा कोर कमेटी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सैंकड़ा छात्राओं को सिलाई मशीनें वितरण की इससे पहले श्रीमती अंचल मिश्रा का प्रांगण में उपस्थित छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया और कोर कमेटी समिति की सभी महिलाओं ने साल श्रीफल और साफा पहनाकर उनका स्वागत किया उपस्थित



छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रीमती अंचल मिश्रा ने कहा आपके लाडले गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा मातृशक्ति के सपनों को कर रहे हैं साकार उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत अपने दतिया से ही प्रारंभ की थीं मातृशक्ति दतिया के लिए उन्होंने नर्सिंग कॉलेज कन्या कॉलेज गर्ल्स छात्रावास और कई अन्य प्रकार की लाभकारी योजनाएं अपने दतिया में लाए हैं जिससे हमारे दतिया की मातृशक्ति ताकतवर और मजबूत हो जो उनका अधिकार है वह उनको मिले आज आप सभी देख रही होंगी प्रदेश और केंद्र सरकार भी मातृशक्ति के लिए कितनी लाभकारी योजनाएं चला रहा है आप सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें आपके साथ हमेशा आपके लाड़ले गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा और उनका पूरा परिवार सहयोग के लिए खड़ा है आपको चिंता करने की जरूरत नहीं आप तो पढ़ाई करिए और आगे बढ़िया और अपने दतिया का नाम रोशन करें आप सभी को महिला दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता त्रिपाठी के द्वारा किया गया था

इस मौके पर श्रीमती किरण गुप्ता श्रीमती सुलक्षणा गांगोटिया श्रीमती जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी पिंकी सगर श्रीमती कुमकुम रावत श्रीमती सरिता पाठक श्रीमती रेखा रानी सोनी श्रीमती गिरजा भार्गव श्रीमती शारदा कुशवाह श्रीमती अनीता अहिरवार श्रीमती ममता साहू श्रीमती प्रियंका गुप्ता श्रीमती दीपिका गुप्ता श्रीमती मधु करे सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता साथ में मौजूद रही

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार चौहान की प्रतिमा लगाने को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. नंदकुमार चौहान की प्रतिमा बुरहानपुर पुराने शासकीय अस्पताल में लगाने को चुनौती दी गई है। प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की युगलपीठ ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, बुरहानपुर कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और शाहपुर नगर परिषद के सीएमओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। जनहित याचिकाकर्ता दत्तु मेढ़े की ओर से अधिवक्ता धर्मेंद्र सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्व. चौहान की प्रतिमा ओल्ड गवर्मेंट हास्पिटल परिसर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के बाजू में स्थापित की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के तहत सार्वजनिक उपयोग के स्थान पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकती। पहले यह मूर्ति राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शनवारा चौक पर लगाई जा रही थी। इसके लिए पहले हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद स्थान को बदल दिया गया, लेकिन पुन~ सार्वजनिक स्थान का चयन कर लिया गया है। कुछ दिन पहले ही हाई कोर्ट ने 2013 के बाद चौक, सड़क या सार्वजनिक उपयोग के स्थलों पर लगी प्रतिमाएं हटाने संबंधी महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। इसके बावजूद बुरहानपुर प्रशासन ने उक्त निर्णय लिया है, जो कि चुनौती के योग्य है।

# जनसुनवाई में 72 आवेदकों ने अपनी समस्याओं को लेकर दिये आवेदन

**रितेश कटरे ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** कलेक्ट्रेट भवन में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 08 मार्च 2022 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन, श्री राहुल नायक ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्यायें लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये । आज की जनसुनवाई में कुल 72 आवेदक अपनी समस्यायें एवं शिकायतें लेकर आये थे।



### इन आवेदकों ने रखी अपनी समस्याएं

जनसुनवाई में विजय बनवाले शिकायत लेकर आये थे कि उनकी बेटी कुमार ग्रेसी बनवाले ने ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल -टैगोर मांटेसरी से 12 वीं कक्षा मेरिट में पास की है। संस्था प्रमुख द्वारा कहा गया था कि मेरिट में आने पर कोई शुल्क नहीं लेंगें। लेकिन अब शुल्क की मांग कर रहे हैं और दो साल से बेटी की टीसी नहीं दे रहे है। बालाघाट तहसील के ग्राम कोसमी का सुरेन्द्र कुमार गढ़ेवाल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आया था। वारासिवनी तहसील के ग्राम लड़सड़ा का मिताराम चौरागड़े शिकायत लेकर आया था कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक द्वारा रंजिश के कारण उसका नाम आवास योजना की सर्वे सूची से काट दिया गया है। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत हिर्री के लिपिक, भृत्य, पंपचालक, चरवाहा एवं चौकीदार शिकायत लेकर आये थे कि ग्राम पंचायत द्वारा उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ग्राम कुम्हारी का बिसराम रनगिरे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग लेकर आया था। कटंगी तहसील के ग्राम आगरवाड़ा का मानिकराम रहांगडाले शिकायत लेकर आये थे कि उनके द्वारा अपने घर पर पक्का शौचालय बनाया गया है, लेकिन शासन से 12 हजार रुपये की राशि अब तक नहीं मिली है। उप संरपचं अशोक बिसेन द्वारा राशि दिलाने में टालमटोल की जा रही है। ग्राम आवलाझरी के लालचंद माहुले शिकायत लेकर आये थे कि ग्राम पंचायत द्वारा उनका नाम आवास योजना की पात्रता सूची से गलत तरीके से हटा दिया गया है।

ग्राम रूपझर का भागवत ढोढरे शिकायत लेकर आया था कि ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा उसे मृत घोषित किया गया है। जबकि मैं जीवित हूं और उसकी समग्र आईडी में उसे जीवित दर्शाया जा रहा है तथा संबल योजना-2018 श्रमिक कार्ड मे उसे मृत घोषित किया जा रहा है। इस त्रुटि के कारण उसे किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

लांजी तहसील के ग्राम दिघोरी का सरेन्द्र मंसूरे शिकायत लेकर आया था कि उनकी पंचायत के सहायक संचिव सुरेन्द्र दमाहे द्वारा अपात्र लोगों को पात्र बताकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। सहायक संचिव द्वारा एक ही व्यक्ति को शौचालय निर्माण की राशि तीन-तीन बार सहायता राशि दिलायी गई है। इनमें से कुछ के घर पर शौचालय भी नहीं बना है। जनसुनवाई में कटंगी तहसील के ग्राम बाहकल की महिमा भैरम शिकायत लेकर आयी थी कि उसके पांढरवानी लालबर्रा निवसी ससुराल वालों ने 01 फरवरी 2022 को उसे केरोसीन डालकर जलाने का प्रयास किया गया था। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज होने के बाद भी उसकी सास नंदनी भैरम, ननद प्रीति ठाकरे पति हरिश ठाकरे ग्राम बांदरी एव प्रिया भैरम को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है और केस दबाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उसका पति प्रवीण भैरम संविदा शिक्षक है और वर्तमान में वारा जेल में है। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उसके विरू8 अब तक निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई है। अत~ इन दहेज लोभी लोगों को गिरफ्तार किया जाये और उसके पति पर निलंबन की कार्यवाही की जाये। इन तमाम आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से निवेदन किया है।



सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण फीडिंग करने के साथ संतुष्टि से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें समस्त अधिकारी-कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, समय सीमा अंतर्गत प्राप्त पत्र, कलेक्टर

## शिकायत अनअटेंड वरिष्ठ स्तर जाने पर लगेगा प्रति शिकायत हजार रुपये का जुर्माना समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स, समाधान ऑनलाइन, ई-ऑफिस, अंकुर अभियान सहित अटेर महोत्सव की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम महेगांव वरूण अवस्थी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में विभिन्न विभागों अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण फीडिंग करने के साथ संतुष्टि से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रेडिंग पीरियड एवं सौ दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर सौ दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में गुणवत्तापूर्ण फीडिंग कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सौ दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में उचित निराकरण नहीं पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में किसी स्तर से शिकायत अनअटेंड वरिष्ठ स्तर पर जाती है, तो संबंधित अधिकारी पर प्रति शिकायत एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस, लोक सेवा गारंटी, समाधान ऑनलाइन, ई ऑफिस, अंकुर अभियान सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अटेर महोत्सव के आयोजन से संबंधित अधिकारियों को महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश भी बैठक में दिए।

# ऐतिहासिक ग्वालियर किले का विकास अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मापदण्डों के अनुरूप होगा : श्री रेड्डी

### केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी ने आईआईटीटीएम में आईआईटीएफसी व आईआईटीजी के प्रमाण-पत्र वितरित किए

### दोनों कोर्स में महिलाओं की आधी फीस माफ करने की घोषणा

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर व श्री सिंधिया वर्चुअल जुड़े और केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री भट्ट कार्यक्रम में हुए शामिल




ग्वालियर। पर्यटन के अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप ऐतिहासिक ग्वालियर किले का विकास किया जायेगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर यह काम करेंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर भारत सरकार देश के 75 ऐतिहासिक स्मारकों (मोन्युमेंट) को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रही है। इसी तर्ज पर ग्वालियर किले का विकास होगा। यह बात केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कही। श्री रेड्डी आईआईटीटीएम ग्वालियर (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) में आईआईटीएफसी (इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलिटेटर) तथा आईआईटीजी (इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट गाइड) प्रोग्राम से जुड़े देश भर के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर रहे थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी ने घोषणा की कि आईआईटीएफसी व आईआईटीजी सर्टिफिकेट कोर्स में शामिल होने वाली महिलाओं की आधी फीस माफ रहेगी। इस अवसर पर आईआईटीएफसी व आईआईटीजी प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 3050 गाइड व फैसिलिटेटर को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मंगलवार को आईआईटीटीएम में आयोजित हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर तथा केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। आईआईटीटीएम में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भारत सरकार के पर्यटन विभाग की एडिशनल डायरेक्टर जनरल सुश्री रूपिंदर बरार, आईआईटीटीएम के निदेशक श्री आलोक शर्मा व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी मंचासीन थे। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से भारत सहित समूची दुनिया के पर्यटन पर विपरीत प्रभाव प?ा है। भारत सरकार ने पर्यटन को फिर से ऊँचाईयां प्रदान करने के लिये कारगर कदम उठाए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार ने विदेशी पर्यटकों की बीजा फीस माफ कर दी है। पहले पाँच लाख पर्यटकों से कोई वीजा फीस नहीं ली जायेगी। सरकार 170 देशों के पर्यटकों को ई-टूरिस्ट वीजा दे रही है। साथ ही 20 देशों के दूतावासों में विशेष रूप से पर्यटन अधिकारी की नियुक्ति भी सरकार ने की है।

# जीवन के बदलाव में स्वच्छता की बड़ी भूमिका है : निगम आयुक्त किशोर कन्याल

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरुरी

### प्रेस क्लब में प्रांगण साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



ग्वालियर। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत। सफाई से रहने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। स्वच्छता, सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए। जीवन के बदलाव में स्वच्छता की ब?ी भूमिका है। यह बात आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर एवं अंकुर अभियान के तहत आज मंगलवार 8 मार्च को प्रातः 9 बजे फूलबाग स्थित प्रेस क्लब परिसर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने कहीं ।

पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए निगम आयुक्त किशोर कन्याल कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरुरी है। प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा लगाना चाहिए और उसे ब?ा होने तक उसकी देखभाल भी बच्चों की तरह करनी चाहिए। तभी भविष्य की पी?ी को शुद्ध आक्सीजन नसीब होगा। प्रेस क्लब प्रांगण में साफ-सफाई एवं श्रमदान कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ट के सदस्यों द्वारा निर्धारित यूनिफॉर्म में रहकर निगमायुक्त श्री कन्याल का स्वागत किया।

इस अवसर पर ग्वालियर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा सचिव सुरेश शर्मा मध्य प्रदेश पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र माथुर बरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र झारखरिया, सुरेश दंडोतिया,प्रदीप तोमर, दिनेश राव,संजय त्रिपाठी, हरीश चंद्रा, प्रदीप शास्त्री ,श्याम पाठक,एकात्मता शर्मा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष राज दुबे सुनील पाठक ,विनोद शर्मा विनोद शर्मा (एनएन) नासिर गौरी ,फोटोजर्नलिस्ट प्रकोष्ठ अध्यक्ष अध्यक्ष राजेश जायसवाल, रवि उपाध्याय, जयदीप सिकरवार,राकेश झा, राकेश वर्मा, मुकेश बाथम ,मचल सिंह बेस ,राजेश शर्मा ,गौरव शर्मा ,प्रमोद शिंदे,जनसम्पर्क अधिकारी मधु सोलपुरकर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुद्धा पार्क कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर 2 दिन के अंदर साफ सफाई कर व्यवस्थाएं करें ठीकः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने आज विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया तथा बुद्धा पार्क कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर अत्यधिक कचरा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 2 दिन में साफ सफाई करते हुए व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बुद्धा पार्क के पौधों की कटिंग आदि करने तथा व्यवस्थित बनाने के निर्देश नोडल अधिकारी पार्क को दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने मेला ग्राउंड स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा आवश्यकता अनुसार कलर पेंटिंग आदि कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा महाराज बा? पर आगामी 10 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने अन्य कई स्थानों पर भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए इसके साथ ही सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। इसके साथ ही जनक ताल पर भी निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री श्री जेएन पारा, उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान ,स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सफाई सरंक्षक एक दिन के लिये बनी वार्ड हेल्थ ऑफिसर, किया स्वच्छता का कार्य

**महिला दिवस पर हुआ महिला सफाई सरंक्षकों का सम्मान**

ग्वालियर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर सफाई श्रमिक महिलाओं का सम्मान कर उनका हौसला हफजाई की तथा शहर को सबसे स्वच्छ शहर बनाये जाने में उनके योगदान की सराहना की। क्षेत्रीय कार्यालय 14 वार्ड क्रमांक 60 व 29 पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सफाई श्रमिक महिलाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह और स्टॉल देकर सम्मानित किया गया एवं वार्ड क्रमांक 29 के वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री दलवीर मौर्य ने बा? हेल्थ ऑफिसर का चार्ज सफाई संरक्षक महिला श्रीमती पार्वती राजेश को एक दिन के लिए अपना चार्ज देकर 1 दिन के लिए वार्ड हेल्थ ऑफिसर बनाया। वहीं वार्ड क्रमांक 60 के बाद हेल्थ ऑफिसर धर्मेंद्र धीरज ने भी 1 दिन के लिए अपना चार्ज सफाई श्रमिक महिला श्रीमती सुजाता दिलीप को दिया ।

# महिलायें घर और समाज की जिम्मेदारी का बहुत अच्छे से निर्वहन करती हैं : श्रीमती मनीषा यादव

### महिलाओं के द्वारा व्यवसाय स्थापित करने के लिये 2 करोड़ 60 लाख रूपए के प्रकरण तैयार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन



ग्वालियर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल भवन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव मुख्य अतिथि थीं एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक सुश्री सीमा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

समारोह में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने कहा कि महिलायें घर और समाज दोनों की जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निर्वहन करती हैं। इसलिये पुरूषों को अपने परिवार की महिलाओं को उनका वाजिब हक देना चाहिए। महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक एवं समारोह की विशिष्ट अतिथि सुश्री सीमा शर्मा ने महिलाओं के लिये शासन की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलायें अपने आप को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएँ। उन्होंने कहा कि महिलायें अपने अधिकारों के लिये किसी पर निर्भर न रहकर शिक्षित होकर समाज में अपने आप को स्थापित करें। इस अवसर पर डॉ. शिराली रूनवाल तथा सुश्री आध्या दीक्षित ने अपने अनुभव महिलाओं के साथ साझा किए।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ललित कला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खेल विभाग के समन्वय से किशोरी बालिकाओं को आत्म रक्षा के लिये मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ÷अपराजिता कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया। अपराजिता कार्यक्रम के अंतर्गत जूडो कराटे, ताईक्वांडो, कुश्ती आदि में 150 किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाना है।

कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त बालिकाओं, स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष, कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं तथा महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में कु. पूर्वी जायसवाल (कराटे), श्रीमती गीता ढींगरा (मानसिक दिव्यांगजन पुनर्वास), डॉ. शिराली रूनवाल (कला, संस्कृति, समाज सेवा क्षेत्र) शामिल थीं।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाली महिलाओं के लिये 2 करोड़ 60 लाख रूपए के 220 प्रकरण तैयार किए गए। इनमें से 213 महिलाओं के प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं, जिसकी राशि एक करोड़ 55 लाख रूपए खातों में जारी कर दी गई है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 6 महिलाओं को प्रतीकात्मक चैक मंच से वितरित किए गए। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पाँच बालिकाओं को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

# विधायक डॉ.सिकरवार के कार्यालय पर अतंराष्ट्रीय महिला दिवस पर 101 महिलाओं का किया सम्मान




### कोमल है तू कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर अतंराष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार एवं आदित्य सतीश सिकरवार द्वारा 101 महिलाओं को शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अबधेश कौरव ने किया। श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने महिलाओं को संबोधित करते हूये अपने उद्बोधन में कहा कि महिला समुदाय को प्रोत्साहित, अनुसमर्पित करने में विशिष्ट योगदान सराहनीय है, जीवन की चुनौतियों का सामना करते हुये रोल मॉडल के रूप में आपकी पहली भावी पीढ़ी को मार्गदर्शन प्रदान करेगी। कार्यक्रम में सर्वश्री ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव नेताजी, विधायक प्रतिनिधी सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुर्जर, अबधेश कौरव, श्रीमती ममता कटारे, श्याम कूंवर व्यास, रानी उपाध्याय, सविता गर्ग, सीमा गुप्ता, प्रतिभा शर्मा, संजना राजावत, शशी मण्डेलिया, प्रवेश परिहार, हेमलता प्रजापति, राजकुमारी, भूरी बाई आदिवासी, चंदा आदिवासी, नेमा राजपूत, मिथलेश यादव, नीलम सेजवार, सपना सेजवार, महेन्द्र शर्मा, संदीप यादव, हिमांशू किकन, प्रतीक जैन, आदि कार्यकर्तागण मौजूद रहे।




# राम वन गमन पथ के विकास में केन्द्र सरकार से भरपूर आर्थिक मदद मिलेगी: श्री रेड्डी

### केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी ने की प्रदेश की पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समीक्षा




ग्वालियर। रामायण सर्किट (राम वन गमन पथ) को विकसित करने के लिए भारत सरकार द्वारा आर्थिक मदद मुहैया कराई जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र को भेजे गए रामायण सर्किट को जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जायेगी। यह बात केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कही। श्री रेड्डी मंगलवार को यहाँ आईआईटीटीएम में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों की बैठक में मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा केन्द्र स्तर पर लंबित मध्यप्रदेश की सभी पर्यटन परियोजनाओं को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाई जायेगी।

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि स्वदेश दर्शन व प्रसाद योजना के साथ-साथ अन्य पर्यटन विकास योजनाओं के तहत मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास के लिये पर्याप्त आर्थिक मदद मुहैया कराई जायेगी। उन्होंने ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग को अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्वालियर का किला देश ही नहीं, पूरी दुनिया का एक अद्वितीय स्मारक है। इसलिए यहाँ पर्यटकों के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधायें मुहैया कराई जाएं। इस काम में भारत सरकार भी हर संभव सहयोग देगी। श्री रेड्डी ने कहा कि जब ताजमहल देखने विदेशी पर्यटन आगरा आ सकते हैं अगर सुविधायें अच्छी होंगीं तो निश्चित ही ग्वालियर फोर्ट देखने के लिये भी ब?ी संख्या में विदेशी पर्यटक आयेंगे।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने ग्वालियर व खजुराहो में फिर से लाईट एण्ड साउण्ड प्रोग्राम शुरू करने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि प्रदेश के वाइल्ड लाईफ बुद्धिष्ट, हैरीटेज व ईको सर्किट के विकास में भारत सरकार से हर संभव मदद मिलेगी। उन्होंने बुद्धिष्ट सर्किट सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर केन्द्रित एक डॉक्यूमेंट्री तैयार कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिये भी कहा। केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने बॉर्डर टूरिज्म की संभावनायें तलाशने पर बल दिया। उन्होंने कहा पर्यटन के लिहाज से ग्वालियर अत्यंत समृद्ध है। श्री भट्ट ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन के सभी सेक्टरों में समृद्ध है। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने शिवाजी सर्किट बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन के मॉडल कहे जाने वाले वीर शिवाजी पर केन्द्रित सर्किट में आगरा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना व महाराष्ट्र तक जहां-जहां शिवाजी का प्रवास रहा उसे शामिल किया जा सकता है।

### कांग्रेस की अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल

# छात्र नेताओं को जेल से रिहा करो तत्कालः डॉ देवेन्द्र शर्मा




ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एवं पूर्व सांसद रामसेवक बाबूजी, मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील शर्मा की उपस्थिती में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जेल में बंद छात्र नेतांओ को रिहा करने के लिए भूख हड़ताल प्रारंभ हुई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने भूख हड़ताल पर बैठते हुए कहा कि हम महात्मा गांधी जी के अनुयायी है, गांधीवादी तरीके से अन्याय के खिलाफ न्याय की अवाज बुलंद करते रहेंगे, जिस द्वेष भावना से कांग्रेस के आंदोलनो में सम्मलित कांग्रेसजनो पर प्रकरण लगाए जा रहे है वह लोकतंत्र में तानाशाही है, लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना और अपने अधिकारो की अभिव्यक्ति करना संविधानिक मौलिक अधिकार है, लेकिन भाजपा सरकार जनता की आवाज को दबाना चाहती है और अन्याय पर उतारू है, कांग्रेस का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन में प्रतिदिन कार्यकर्ता सम्मलित होते रहेंगे, कांग्रेस छात्र नेतांओ की जेल रिहाई के लिए कांग्रेस संकल्पित है। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में कार्यवाहक अध्यक्ष अमर सिंह माहोर, चतुर्भुज धनोलिया, मप्र कांग्रेस के महासचिव भीकम सिंह गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता आर.पी. सिंह, मप्र सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष दशरथ सिंह गुर्जर, इन्द्रजीत सिंह चौहान, अशोक प्रेमी, उदल सिंह, अख्तर हुसैन कुरेशी, प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक प्रभूदयाल जौहरे, अशोक सिंह तौमर, आंनद शर्मा, राजेन्द्र नाती, सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478